## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, अधिकारियों-कर्मचारियों ने योगाभ्यास में उत्साहपूर्वक भाग लिया

**बीएनएम@ हाजीपुर**। सोनपुर मंडल में 21 जून 2026 को 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। मंडल के सामुदायिक भवन में कार्मिक विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों-कर्मचारियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को उजागर करना था। इसकी शुरुआत शांति पाठ के साथ हुई। योग गुरु श्री रत्नेश कुमार, श्री श्वेता और आकृति ने प्रतिभागियों को योग के महत्व और उसके बहुआयामी लाभों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यस्त जीवनशैली, तनाव और स्वास्थ्य चुनौतियों के बीच योग शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से संतुलित और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाता है। योग सत्र के दौरान स्कंध चक्र, वज्रासन, शशांकासन, मार्जरी आसन, चक्की आसन, नौका संचालन आसन, सर्वांग उर्ध्वाकर्षण, द्वारासन, त्रिकोणासन, कटिचक्रासन और सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। विशेषज्ञों ने शरीर की लचक बढ़ाने, रीढ़ की हड्डी को सुदृढ़ बनाने, रक्त संचार बेहतर करने और तनाव कम करने में योग की भूमिका पर जोर दिया। इसके बाद नाड़ी शोधन और भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि नियमित प्राणायाम से फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है, मानसिक एकाग्रता में सुधार होता है और तनाव व चिंता नियंत्रित होती है। योग निद्रा सत्र के माध्यम से मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आत्मचिंतन का अनुभव कराया गया। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस) प्रशिक्षण सत्र रहा, जिसका संचालन सुनील कुमार ने किया। इस दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा के लिए व्यावहारिक तकनीकों और उपायों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में आत्मविश्वास, सतर्कता और त्वरित निर्णय क्षमता के महत्व पर विशेष बल दिया गया।

### वैशाली में एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट के दोषियों को सजा, कोर्ट ने 6 साल कारावास और 50 हजार अर्थदंड

**बीएनएम@ हाजीपुर**। वैशाली में मादक पदार्थ (NDPS) और आर्म्स एक्ट के दो दोषियों को न्यायालय ने सजा सुनाई है। नगर थाना कांड संख्या 770/20 से संबंधित इस मामले में दोनों अभियुक्तों को कारावास और अर्थदंड की सजा दी गई है। न्यायालय ने NDPS एक्ट के तहत 6 साल की कारावास और 50 हजार रुपये का अर्थदंड सुनाया है। इसके अतिरिक्त, आर्म्स एक्ट के अंतर्गत 3 वर्ष की कारावास और 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। NDPS के स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर (पीपी) सुमित कुमार ने बताया कि माननीय न्यायालय ने कांड संख्या 770/20 में दो आरोपियों को NDPS और आर्म्स एक्ट के तहत दोषी ठहराया था। सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद यह फैसला आया है। पीपी सुमित कुमार ने इस मामले में साक्षियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस कप्तान विक्रम सिहाग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि नगर थाने की पुलिस को सूचना मिली थी कि वांछित अपराधी चंदन कुमार अपराध की योजना बना रहा है। सूचना के आधार पर नगर थाने के पुलिस अधिकारियों ने चंदन कुमार को गिरफ्तार किया था। उसकी तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध हथियार और जिंदा कारतूस बरामद हुए थे।

### मुजफ्फरपुर में दिनदहाड़े सोने की चेन लेकर भागे बदमाश, ब्रह्मपुरा थाना से 200 मीटर दूर वारदात

**बीएनएम@ मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में दिनदहाड़े चेन स्नेचिंग की घटना सामने आई है। ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र में थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने की चेन झपट ली। यह पूरी वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पीड़िता की पहचान अनामिका कुमारी के रूप में हुई है। वह बीबीगंज के आनंदपुरी मोहल्ले से रिक्शा पर सवार होकर अपने मायके



संजय सिनेमा रोड जा रही थीं। जैसे ही उनका रिक्शा ब्रह्मपुरा से संजय सिनेमा रोड की ओर मुड़ा, पीछे से आए दो बाइक सवार बदमाशों ने उनके गले से चेन झपट ली और फरार हो गए। अनामिका कुमारी ने बताया कि छीनी गई चेन का वजन लगभग 12 से 15 ग्राम था। उन्होंने बदमाशों को पकड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन वे तेज रफ्तार से भाग निकले। पीड़िता के अनुसार, बाइक चला रहे बदमाश ने हेलमेट पहना हुआ था, जबकि पीछे बैठे दूसरे बदमाश का चेहरा साफ दिखाई दे रहा था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़िता को थाने में आवेदन देने की सलाह दी। वारदात के बाद महिला काफी सदमे में है। ब्रह्मपुरा थाना अध्यक्ष बिपिन कुमार ने बताया कि चेन स्नेचिंग का मामला सामने आया है। पुलिस अब घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

### नाबालिग का रेप कर राजस्थान में डेढ़ लाख में बेचा, 50 साल के बुजुर्ग ने 1.20 लाख में खरीदी दुल्हन

**बीएनएम@ मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में डायल-112 की पुलिस ने नाबालिग की तस्करी करने वाले एक ऑटो चालक को पकड़ा है। उस पर आरोप है कि उसने कुढ़नी थाना क्षेत्र की एक मंदबुद्धि नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने कब्जे में रखा और उसके साथ 20 दिनों तक यौन शोषण किया। उसके बाद राजस्थान में 50 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग को 1.20 लाख में बेच दिया। करीब तीन साल बाद किशोरी के अपने घर लौटने पर पूरे मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया है और आरोपी से पूछताछ कर रही है। परिजनों के अनुसार, नवंबर 2023 में कुढ़नी थाना क्षेत्र की रहने वाली 13 साल की किशोरी घर से भटककर निकल गई थी। उसके लापता होने के बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। बाद में कुढ़नी थाना में सनहा भी दर्ज कराया गया, फिर भी पुलिस उसे बरामद नहीं कर सकी। आरोप है कि इसी दौरान सकरा थाना क्षेत्र के हरपुर गांव निवासी ऑटो चालक मुन्ना दास की नजर किशोरी पर पड़ी। वह उसे नगर थाना क्षेत्र के गोला रोड स्थित अपने किराये के मकान पर ले गया और करीब 20 दिनों तक वहीं रखा। लड़की के साथ लगातार उसने रेप किया। इसके बाद आरोपी किशोरी को अपने साथ दिल्ली ले गया। पीड़िता की मां ने बताया कि दिल्ली ले जाने के बाद ऑटो चालक ने किशोरी को राजस्थान के सिंगहारा थाना क्षेत्र निवासी करीब 70 साल के सजन लाल को 1 लाख 20 हजार रुपये में बेच दिया।

### भोजपुर एनकाउंटर मामला मानवाधिकार आयोग पहुंचा, वकील ने पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज करने की मांग की

**बीएनएम@ मुजफ्फरपुर**। भोजपुर में हुए एनकाउंटर का मामला अब मानवाधिकार आयोग पहुंच गया है। मुजफ्फरपुर जिले के मानवाधिकार मामलों के वकील एस.के. झा ने भोजपुर एनकाउंटर मामले में मानवाधिकार आयोग में याचिका दर्ज की है। वकील एस.के.झा ने इस पूरे मामले को लेकर अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली और राज्य मानवाधिकार आयोग, पटना में दो अलग - अलग याचिका दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका में मांग की है कि इस एनकाउंटर में शामिल सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए रिटायर्ड जज की निगरानी में इस पूरे मामले की जांच कराई जाए। साथ ही दोषियों पर सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाए। उनकी ओर से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की भी मांग की गई है। वकील झा ने कहा कि यह पूरा मामला मानवाधिकार उल्लंघन के अति गंभीर श्रेणी का मामला है। बता दें कि भोजपुर और एसटीएफ की टीम ने भरत की ओर से सरेंडर किए जाने के बावजूद गोली मार दी गई। जिससे उसकी मौत हो गई। भरत के एनकाउंटर को लेकर गुरुवार को आरा में सड़क जाम कर लोगों ने बवाल किया। प्रदर्शनकारी पुलिस प्रशासन को दोषी ठहरा रहे थे।

# आईसीपी परिसर में गूंजा योग का संदेश, सैकड़ों लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**बीएनएम@ रक्सौल**



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत-नेपाल सीमा स्थित एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) परिसर में रविवार को भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। भारत विकास परिषद, शाखा रक्सौल एवं भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर योग, प्राणायाम और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईसीपी प्रशासक कुमार राजीव रंजन, एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट अम्बरीष चौबे, योग प्रशिक्षक चन्देश्वर प्रसाद साह, डॉ. विजय कुमार, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रजनीश प्रियदर्शी एवं सचिव नरेश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से वातावरण राष्ट्रभक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से भर उठा। योग प्रशिक्षक चन्देश्वर प्रसाद साह के निर्देशन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम, कपालभाति, भस्त्रिका और भ्रामरी का अभ्यास किया। इस दौरान योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की भी जानकारी दी गई। आईसीपी प्रशासक कुमार राजीव रंजन ने कहा कि वर्तमान समय में योग स्वस्थ और संतुलित जीवन का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। वहीं भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने योग को भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत बताते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, एसएसबी के जवान, भूमि पत्तन कर्मी तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। समापन के अवसर पर अतिथियों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों के बीच अल्पाहार एवं पेय पदार्थ का वितरण किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# युवक की ईंट से कुचलकर हत्या नवनिर्मित मकान में मिला शव

**बीएनएम@ पटना**



**पिता ने दोस्तों पर लगाया आरोप, पुलिस और एफएसएल की जांच जारी**

पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के सदीसोपुर गांव में एक नवनिर्मित मकान से युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान गोनवा गांव निवासी मो. पप्पू अंसारी के 22 वर्षीय बेचे मो. चांद के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और परिजनों में मातम छा गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (FSL) टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया है। मृतक के पिता अकबर अंसारी ने बताया कि, 'मो. चांद शनिवार शाम अपनी बाइक से घर से निकला था। दोस्तों के बुलाने पर वह गया था, लेकिन रात तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा था।'

पिता ने आगे बताया कि, 'सुबह पुलिस से जानकारी मिली कि उसका शव सदीसोपुर गांव के एक नवनिर्मित मकान में है। मौके पर पहुंचने पर परिजनों ने देखा कि चांद का सिर बुरी तरह कुचला हुआ था।' घटनास्थल से मृतक की बाइक गायब मिली है। केवल उसका बंद मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पिता ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें पूरा शक है कि दोस्तों ने ही घर से बुलाकर उसकी हत्या की है। घटना को लेकर थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया, 'ग्रामीणों के द्वारा जानकारी मिली कि युवक का शव एक मकान में मिला है, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटना की जानकारी पटना FSL टीम को दे दिया गया है। टीम के आने के बाद जांच शुरू की जाएगी। परिजनों के तरफ से हत्या का आरोप लगाया जा रहा है फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।'

# नए आवास में लालू-राबड़ी को मिलेंगे 8 कमरे

**बीएनएम@ पटना**



बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी जल्द ही 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास छोड़कर 39 हार्डिंग रोड स्थित नए सरकारी बंगले में शिफ्ट होंगी। फिलहाल 39 हार्डिंग रोड स्थित बंगले को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आवास को तैयार करने में 50 से अधिक मजदूर दिन-रात जुटे हुए हैं। बंगले में कुल 8 कमरे हैं। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के लिए ग्राउंड फ्लोर पर एक विशेष कमरा तैयार किया जा रहा है, ताकि उन्हें सीढ़ियां चढ़ने की जरूरत न पड़े।

आवास परिसर में 8 तरह के पेड़ लगाए गए हैं। 5 से अधिक प्रजातियों के फूलों के पौधे भी लगाए गए हैं। बड़ा गार्डन होने के चलते राबड़ी देवी के लिए मॉर्निंग वॉक करना आसान होगा। परिसर में पालतू जानवरों के रहने के लिए भी पर्याप्त जगह बनाई गई है। बता दें कि 39 हार्डिंग रोड स्थित इस सरकारी आवास में पहले भाजपा नेता और पूर्व राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री रामसूरत राय रह चुके हैं। इसके अलावा समीम अख्तर, विनोद नारायण झा और चंद्रमोहन राय भी इस बंगले में रह चुके हैं।

राबड़ी देवी ने कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और भवन निर्माण विभाग को पत्र लिखकर बताया था कि लालू प्रसाद यादव कई स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों से जूझ रहे हैं। उन्हें संक्रमण से बचाने के लिए डॉक्टरों ने विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

# डाकबंगला चौराहे पर विवादित जमीन को लेकर बवाल दुकानों के सामने शटर लगाकर सील करने का आरोप

**बीएनएम@ पटना**



**दोनों पक्ष आमने-सामने पुलिस ने शांत कराया**

पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित डाकबंगला चौराहे के पास विवादित जमीन पर कब्जे को लेकर शनिवार को दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। विवाद के दौरान चार दुकानों के सामने लोहे के खंभे और शटर लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस की मौजूदगी में दुकानों के सामने लगाए गए लोहे के शटर और अवरोध हटाने की कार्रवाई की गई। प्रभावित दुकानों में छाबड़ा स्पोर्ट्स की दो दुकानें, इनसाइड डेकोर और श्याम टी कंपनी शामिल हैं।

**दुकानदारों का आरोप- रात में आकर दुकानें सील कर दीं**ः दुकानदार पक्ष के नवीन छाबड़ा ने आरोप लगाया कि, शनिवार देर रात 20-25 लोग पहुंचे और हमारी दुकानों के सामने खंभे और शटर लगाकर रास्ता बंद कर दिया। सुबह जब दुकानदारों ने इसे हटाने की कोशिश की। दूसरे पक्ष को इसी बीच किसी ने इनफॉर्म कर दिया। वो लोग फिर पहुंचे और विवाद शुरू हो गया। नवीन छाबड़ा का दावा है, 'हमारे साथ मारपीट की, औरतों के साथ बदतमजी किया। दो लोगों के मारकर सिर फोड़ दिया। हम लोगों ने कहा कि अगर आपने जमीन खरीदी है, तो पेपर दिखाइए। लीगल वे में आइए तो वो लोग अपशब्द बोलने लगे। उनके पास पिस्टल थी। साथ ही पत्थर फेंक फेंककर हमें मारा भी है।

**दूसरे पक्ष ने कहा- जमीन हमारी, कब्जा हटाने की कोशिश नहीं**ः वहीं, दूसरे पक्ष के मोनू सिन्हा ने सभी आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है, यह जमीन उन्होंने 20 जून 2022 को अपनी पत्नी के नाम से खरीदी थी। जमीन मेरी है, पेपर मेरे पास है और जबरन वो लोग रह रहे हैं। मोनू सिन्हा ने दावा किया कि दुकान संचालक पिछले 4 साल से चारों दुकान का किराया नहीं दे रहे हैं। मैंने पहले भी थाने में शिकायत की है। बावजूद इसके कोई एक्शन नहीं लिया गया। जबरन अवैध तरीके से चारों दुकानदार कब्जा कर रखे हैं। पेपर मांगा गया तो भी नहीं दिखा पाए। उन्होंने आगे कहा, 'मेरे ऊपर जो कब्जा करने का आरोप लगाया जा रहा है, वह निराधार है। कोई फायरिंग या मारपीट की घटना नहीं हुई है। हम सिर्फ 4 लोग गए थे। वो लोग 20-25 की संख्या में थे। मैंने दुकान के सामने लोहे का शटर इसलिए रखवाया था, ताकि लीगल प्रोसेस में सब चीजें हों।' पुलिस के बल पर मेरी जमीन पर उन लोगों के द्वारा कब्जा किया गया है। पुलिस उनकी मदद कर रही है। वो खुद कहते हैं, करोड़ों रुपए थाने पर खर्च करता हूं। मेरा कोई क्या कर लेगा। जमीन के रुपए लो और वापस जाओ। हम लोग खाली नहीं करेंगे।

घटना के बाद मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया। प्रशासन की मौजूदगी में लगाए गए लोहे के शटर और अवरोध हटाए गए। फिलहाल पूरे मामले में जमीन के स्वामित्व और कब्जे के दावों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के दावों और उपलब्ध दस्तावेजों की जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मसीनाडीह के समीप खेत में युवती का शव मिलने से सनसनी

**बीएनएम@ रामगढ़वा**




थाना क्षेत्र के मसीनाडीह स्टेशन के उत्तर दिशा स्थित एक खेत के पास रविवार सुबह एक अज्ञात युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की उम्र करीब 22 वर्ष बताई जा रही है। वह लाल रंग का सलवार-सूट पहने हुई थी। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा शव देखे जाने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही अपर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार एवं एएसआई भीम सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया है। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई थी, लेकिन मृतका की पहचान नहीं हो सकी। थानाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि युवती की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए आसपास के थानों से गुमशुदा युवतियों की जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मृत्यु के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। शव की शिनाख्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मोहर्रम पर्व को लेकर हरसिद्धि थाना में शांति समिति की बैठक

**बीएनएम@ हरसिद्धि**

आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को हरसिद्धि थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने की। बैठक में मोहर्रम जुलूस एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने सभी से प्रशासनिक आदेशों का पालन करने तथा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष ने कहा कि सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, असामाजिक तत्वों की मौजूदगी अथवा कानून-व्यवस्था से जुड़ी सूचना तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने का संकल्प लिया तथा प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पुलिस पदाधिकारियों के अलावा क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# 14 जिलों में बन सकते हैं लू जैसे हालात, 10 शहरों में हो सकती है बारिश

**बीएनएम@ पटना**



**38-40 डिग्री सेल्सियस रह सकता है पटना का तापमान**

बिहार में मानसून की मौजूदगी के बावजूद लोगों को अभी अच्छी बारिश के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले सात दिनों तक राज्य में मौसम का मिजाज मिला-जुला रहेगा। कहीं तेज धूप और उमस परेशान करेगी, तो कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। विभाग के अनुसार, प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में आज मौसम सामान्य रहेगा। पूर्वी और सीमांचल के जिलों में बादल छाए रहने के साथ साथ बारिश की संभावना है। पश्चिम और मध्य बिहार के कुछ जिलों में 22 जून तक हीट वेव जैसी स्थिति बनी रह सकती है। 23 जून के बाद बारिश की संभावना है। बीते 24 घंटे में छपरा और बक्सर में शनिवार को तापमान 41 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। वहीं, पटना का तापमान 39.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से काफी अधिक। दिनभर गर्मी और उमस से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम-मध्य बिहार के जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रह सकता है। इनमें मुख्य रूप से बक्सर, भोजपुर, कैमूर, रोहतास, पटना, नालंदा, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद, गयाजी, नवादा, शेखपुरा, लखीसराय और जमुई शामिल हैं। इन क्षेत्रों में दिन के समय तेज धूप और गर्म हवा चलने से लू जैसे हालात बन सकते हैं। किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, कटिहार, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, खगड़िया, भागलपुर और मुंगेर में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है।

# बख्तियारपुर पीपा पुल फिर चालू, 50000 आबादी को राहत, नाव नहीं चल रही, न दूसरा विकल्प

**बीएनएम@ पटना**



पटना जिले के बख्तियारपुर स्थित बाढ़ अनुमंडल के दियारा क्षेत्र में पीपा पुल हटाए जाने से पैदा हुआ संकट फिलहाल टल गया है। स्थानीय विधायक अरुण कुमार शाह की पहल के बाद पुल के दोनों छोर से हटाई गई प्लेटों को दोबारा लगा दिया गया है और लोगों का आवागमन फिर शुरू कर दिया गया है। पीपा पुल हटने से दियारा क्षेत्र के करीब 10 गांवों की लगभग 50 हजार आबादी सीधे प्रभावित हो रही थी। इन गांवों के लोगों के लिए बख्तियारपुर शहर तक पहुंचने का यह प्रमुख और लगभग एकमात्र साधन माना जाता है।

**न नाव चल रही, न दूसरा विकल्प**ः स्थानीय लोगों के अनुसार गंगा नदी में जलस्तर कम होने के कारण बड़े नावों का परिचालन अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। वहीं, उमानाथ हादसे के बाद बिना रजिस्ट्रेशन वाली नावों के संचालन पर रोक लगा दी गई है। ऐसे में दियारा के लोगों के सामने आने-जाने का संकट गहरा गया था।

**जोखिम उठाकर पार कर रहे थे पुल**ः पीपा पुल के आंशिक रूप से हटने के बाद भी सैकड़ों लोग जान जोखिम में डालकर टूटे हिस्सों से आवाजाही कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि पुल बंद होने से अस्पताल, बाजार और अन्य जरूरी सेवाओं तक पहुंच मुश्किल हो जाती। दियारा क्षेत्र में बेहतर सरकारी स्वास्थ्य सुविधा नहीं होने के कारण लोगों की चिंता और बढ़ गई थी।

**विधायक बोले- स्थायी समाधान जरूरी**ः स्थानीय विधायक अरुण कुमार शाह ने बताया कि उन्होंने इस मामले को लेकर जिलाधिकारी और संबंधित अधिकारियों से बात की थी। उनकी मांग थी कि जब तक नाव संचालन सुरक्षित रूप से शुरू नहीं हो जाता, तब तक पीपा पुल नहीं हटाया जाए। उन्होंने कहा, 'हमारी पहल पर दो दिन पहले हटाई गई प्लेटों को दोबारा लगाया गया और फिलहाल लोगों की आवाजाही बहाल कर दी गई है।' हालांकि, अभी भी लोग ऑटो और ई-रिक्शा से सीमित और जोखिम भरा सफर करने को मजबूर हैं।

**स्थायी पुल की मांग फिर तेज**ः विधायक शाह ने बताया कि दियारा क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को स्थायी पक्का पुल निर्माण के लिए पत्र भी लिखा है। उनके अनुसार इस संबंध में सकारात्मक आश्वासन मिला है।

## संक्षिप्त समाचार

### NEET री-एग्जाम को लेकर मोतिहारी पुलिस रही मुस्तैद, शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न

**बीएनएम@ मोतिहारी।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) री-एग्जाम को कदाचारमुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूर्वी चंपारण पुलिस पूरे दिन मुस्तैद रही। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे तथा पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों की विशेष तैनाती की गई थी। पुलिस द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, शनिवार को आयोजित री-एग्जाम के दौरान अभ्यर्थियों को सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल उपलब्ध कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सघन निगरानी रखी गई। केंद्रों के प्रवेश द्वारों पर जांच व्यवस्था सुनिश्चित की गई तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के लिए पुलिस बल को सक्रिय रखा गया। परीक्षा के दौरान पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित करने, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। पुलिस प्रशासन ने बताया कि परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और कदाचारमुक्त बनाने के उद्देश्य से सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन किया गया। सुरक्षा एजेंसियों एवं जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर परीक्षा अवधि के दौरान लगातार सतर्क निगरानी रखी गई। मोतिहारी पुलिस ने कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य से जुड़ी महत्वपूर्ण परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराना उनकी प्राथमिकता है। भविष्य में भी इस प्रकार की परीक्षाओं के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाते रहेंगे।

### हत्या के प्रयास समेत विभिन्न मामलों में सात अभियुक्त गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हत्या के प्रयास समेत विभिन्न मामलों में सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई को अपराध नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार, छतौनी थाना कांड संख्या-342/26 में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा इसी मामले से संबंधित ट्रायल संख्या-2500/2023 में जारी गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के आधार पर दो अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार छतौनी थाना क्षेत्र से कुल छह अभियुक्त पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। वहीं, नकरदेई थाना कांड संख्या-68/26 में हत्या के प्रयास के नामजद अभियुक्त रेशुल आजम, पिता सेफुल्लाह मियां, निवासी भकुरहिया, थाना नकरदेई, जिला पूर्वी चंपारण को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है तथा मामलों से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच भी जारी है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जिलेभर में विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। पूर्वी चंपारण पुलिस ने कहा है कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और गंभीर अपराधों में संलिप्त आरोपितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अपराधियों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

### खेल भवन में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**बीएनएम@ मोतिहारी।** खेल विभाग, बिहार, पटना एवं जिला प्रशासन, पूर्वी चंपारण के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 का भव्य आयोजन स्थानीय खेल भवन, मोतिहारी में किया गया। इस वर्ष के योग दिवस का मुख्य संदेश योग अपनाएं, स्वस्थ और समृद्ध भारत बनाएं, रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7:00 बजे हुई। इस आयोजन में सभी खेलों के खिलाड़ियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया सभी प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह और ऊर्जा के साथ इस राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस समारोह में उपस्थित योग प्रशिक्षक मुकेश कुमार, शारीरिक शिक्षा शिक्षक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बभनौली अरेराज(NIS YOGA) के कुशल निर्देशन में सभी खिलाड़ियों और नागरिकों ने सामूहिक रूप से विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान योग के आठ अंगों यानी अष्टांग योग (यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि) के महत्व को रेखांकित किया गया। उपस्थित लोगों को बताया गया कि कैसे अष्टांग योग न केवल शारीरिक फिटनेस बल्कि मानसिक एकाग्रता, अनुशासन और आत्मिक शांति के लिए भी अनिवार्य है। जिला प्रशासन, पूर्वी चंपारण की ओर से इस अवसर पर जिलेवासियों को शुभकामनाएं देते हुए अपील की गई कि योग को केवल एक दिन के उत्सव तक सीमित न रखकर अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। खिलाड़ियों के लिए योग खेल कौशल और मानसिक मजबूती बढ़ाने का एक बेहतरीन माध्यम है। स्वस्थ समाज से ही एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव है। इस सफल आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने में स्थानीय संयोजकों की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को नियमित योग करने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर भानु प्रकाश, रवीश कुमार, मोहम्मद मोबाशिर रमेश कुमार एवं अन्य लोग आदि उपस्थित रहे।

# गांधी मैदान में पेयजल व्यवस्था बदहाल, हजारों युवाओं को हो रही परेशानी

**बीएनएम@ मोतिहारी**





शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थल एवं युवाओं की पसंदीदा दौड़-व्यायाम स्थली गांधी मैदान में पेयजल व्यवस्था बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। लाखों रुपये की लागत से स्थापित बोरिंग, पाइपलाइन और जलापूर्ति प्रणाली वर्षों बाद अब केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। मैदान में लगे अधिकांश नल खराब पड़े हैं, कई की टोंटियां टूटी हुई हैं, जबकि बोरिंग से जुड़ी टंकी भी गायब बताई जा रही है। प्रतिदिन सुबह गांधी मैदान में सेना, पुलिस और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की शारीरिक तैयारी करने वाले हजारों युवा दौड़ और अभ्यास के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं और अन्य नागरिक भी स्वास्थ्य लाभ के लिए यहां टहलने और व्यायाम करने आते हैं। इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी के बावजूद शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होना चिंता का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पेयजल व्यवस्था के लिए बोरिंग और अन्य संसाधन तो लगाए गए, लेकिन कभी नियमित रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई। वर्तमान में स्थिति यह है कि अधिकांश नलों से पानी नहीं निकलता और पूरी व्यवस्था उपेक्षा का शिकार दिखाई देती है। ऐसे में इस योजना पर खर्च की गई सरकारी राशि की उपयोगिता पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि दौड़ या व्यायाम के दौरान यदि किसी युवक की तबीयत बिगड़ जाए, अत्यधिक प्यास लग जाए या कोई व्यक्ति अस्वस्थ हो जाए, तो तत्काल पेयजल उपलब्ध कराना मुश्किल हो जाता है। इससे किसी अप्रिय घटना की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। गांधी मैदान की अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के रखरखाव को लेकर भी समय-समय पर शिकायतें सामने आती रही हैं। स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने जिला प्रशासन, नगर निगम तथा संबंधित विभागों से मांग की है कि मैदान में स्थापित बोरिंग एवं जलापूर्ति व्यवस्था की जांच कराकर उसे अविलंब दुरुस्त किया जाए। साथ ही गायब टंकी की पुनर्स्थापना, क्षतिग्रस्त नलों की मरम्मत और नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। गांधी मैदान प्रतिदिन हजारों लोगों के उपयोग का केंद्र है। ऐसे में वहां पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि मैदान आने वाले लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### हरैया में नशीली एक्सपायरी दवाइयों का जखीरा बरामद, 25,300 नाइट्राजेपाम टैबलेट जब्त

**बीएनएम@ मोतिहारी**

मोतिहारी। पूर्वी चंपारण जिले के हरैया थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशीली एवं अवैध दवाइयों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में एक्सपायरी नाइट्राजेपाम टैबलेट बरामद की है। बरामद दवाइयों की संख्या 25,300 बताई गई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बायपास ओवरब्रिज के नीचे संदिग्ध दवाइयां छिपाकर रखी गई हैं। सूचना के सत्यापन के बाद हरैया थाना पुलिस ने तत्काल छापेमारी की। तलाशी के दौरान मौके से नाइट्राजेपाम की एक्सपायरी टैबलेट की बड़ी खेप बरामद हुई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार बरामद दवाइयां नशीली श्रेणी में आती हैं। इनके अवैध उपयोग की आशंका को देखते हुए मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि दवाइयां वहां किसने रखीं और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मोतिहारी पुलिस का कहना है कि जिले में नशीली दवाइयों और मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, नशे के खिलाफ ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**बीएनएम@ मोतिहारी**




जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), पूर्वी चंपारण द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की डॉन योजना-2025 के तहत पंचायत भवन हिरामणि परिसर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा की विभिन्न योजनाओं तथा सामाजिक सरोकार से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान "नशा मुक्त भारत अभियान : जीवन को हाँ कहें, मादक पदार्थों को ना कहें" के संदेश के साथ "नशा मुक्त भारत के लिए मादक पदार्थ जागरूकता एवं स्वस्थ जीवन मार्गदर्शन" विषय पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। उपस्थित लोगों को नशे के दुष्परिणाम, युवाओं पर इसके दुष्प्रभाव तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में जनभागीदारी के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डीएलएसए की ओर से पैनल अधिवक्ता आयुषी अमृत, पीएलवी शत्रुघ्न कुमार एवं रामाकांत कुमार मौजूद रहे। वहीं, मद्यनिषेध विभाग के निरीक्षक ने भी नशा मुक्ति अभियान तथा इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम में करीब 150 ग्रामीणों ने भाग लिया। पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं गांव के गणमान्य नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी द्वारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विधिक जागरूकता और न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है।

## नीट परीक्षा लीक को लेकर प्रधानमंत्री और शिक्षामंत्री का पुतला दहन

**बीएनएम@ मोतिहारी**



रविवार को मोतिहारी जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले विरोध प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए प्रजापति आश्रम बंजरिया पंडाल से जानपुल चौक चौराहे पर मोतिहारी जिलाध्यक्ष प्रोफेसर अखिलेश दयाल के अध्यक्षता में पुतला दहन किया गया। जिलाध्यक्ष प्रोफेसर दयाल ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर वर्तमान भाजपा सरकार जो 12 वर्षों की उपलब्धियां जो गिना रही पुरी तरह विफल हैं। 12 वर्षों में लगातार 72 बार देश की सबसे बड़ी परीक्षा नीट परीक्षा प्रश्नपत्र लीक हो जाती है। देश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्ट्राचार, परीक्षा कुप्रबंधन के कारण छात्र किसान युवा आत्महत्या कर रहे हैं। कांग्रेस जनों ने सरकार के खिलाफ नारा दिया "युवाओं के भविष्य को किसने मारा मोदी ने मारा मोदी ने मारा"। जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश की आतंरिक सुरक्षा, बेतहाशा महंगाई वृद्धि, प्रतिवर्ष दो करोड़ युवाओं का रोजगार गारंटी पुरी तरह विफल हैं। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी संगठन सृजन साथी के पर्यवेक्षक अनवर आलम अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेसी संजीव कुमार सिंह उर्फ टुन्नी सिंह, प्रदेश नेता गुंजन मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी देशबंधु तिवारी, महानगर अध्यक्ष राहुल कुमार शर्मा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू यादव, युवा कांग्रेस के पूर्वी चम्पारण पर्यवेक्षक विक्की कुमार, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव सौरभ यादव, छात्र संगठन एनएसयूआई जिलाध्यक्ष कुमार आशीष, सुगौली युवा अध्यक्ष असहाबुल होदा उर्फ छोटू बाबू, आदापुर प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, बनकटवा प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार प्रसाद, मोतिहारी कांग्रेस नेता हरेन्द्र राम, उमर अंसारी, रक्सौल प्रखंड अध्यक्ष बिकेश राउत, कांग्रेस नेता मदन चौधरी, हसमुद्दीन अंसारी,मनौअर अंसारी, महम्द इकराम,समीर आलम,अफजल आलम, मुकेश कुमार,रंजन दास, राम अयोध्या राम, सहित अन्य सैकड़ों कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'योग- 365' अभियान के अंतर्गत योगाभ्यास एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बीएनएम@ मोतिहारी**



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 'मेरा युवा भारत, पूर्वी चम्पारण एवं मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को 'योग- 365' अभियान के अंतर्गत योगाभ्यास एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। महाविद्यालय के क्रीड़ा स्थल स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ योगाचार्य योगी शैलेन्द्र गिरी एवं योगाचार्या पूजा श्रीवास्तव के निर्देशन में सामूहिक योगाभ्यास से हुआ। प्रशिक्षित योगाचार्यों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। इस दौरान उन्हें योग की सही विधियों, आवश्यक सावधानियों तथा दैनिक जीवन में नियमित योगाभ्यास के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। आयोजित जागरूकता सत्र में वक्ताओं ने योग की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, अनियमित दिनचर्या और जीवनशैली से जुड़ी विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए योग एक प्रभावी एवं वैज्ञानिक उपाय है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ और सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता, आत्मविश्वास तथा सकारात्मक सोच के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वक्ताओं ने युवाओं से आह्वान किया कि वे योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखकर अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं तथा समाज में इसके प्रति जन-जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर 'मेरा युवा भारत' पूर्वी चम्पारण की जिला युवा अधिकारी अंकिता ने कहा कि 'योग- 365' अभियान का उद्देश्य वर्षभर योग को जन-आंदोलन के रूप में बढ़ावा देना तथा युवाओं को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना है। उन्होंने युवाओं से नियमित योगाभ्यास कर स्वयं स्वस्थ रहने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।कार्यक्रम में 'मेरा युवा भारत' पूर्वी चम्पारण की लेखापाल रानू कुमारी, बापूधाम योग महाविद्यालय, मोतिहारी के योगाचार्य योगी शैलेन्द्र गिरी, योगाचार्या पूजा श्रीवास्तव तथा नगर निगम वार्ड संख्या- 02 के पार्षद जय सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। योगाचार्य योगी शैलेन्द्र गिरी एवं योगाचार्या पूजा श्रीवास्तव ने योग के व्यावहारिक पक्षों की जानकारी देते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का सशक्त माध्यम है। वहीं पार्षद जय सिंह ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है और युवाओं की सक्रिय सहभागिता से यह अभियान और अधिक प्रभावी सिद्ध होगा। कार्यक्रम में 'मेरा युवा भारत' पूर्वी चम्पारण एवं मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी की एन.एस.एस. इकाई के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित स्वयंसेवकों में हिमांशु कुमार, संजीत कुमार गिरि, वरुण पासवान, रौशन कुमार, रिशु कुमार, अनिल, नवनीत कुमार मिश्र, राज रंजन और राजेश सहित अन्य स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय के कर्मचारीगण शामिल थे। सभी प्रतिभागियों ने योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को इसके लाभों से अवगत कराने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं योग को जन-जन तक पहुँचाने के संकल्प के साथ हुआ। यह आयोजन युवाओं के बीच स्वास्थ्य, अनुशासन एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ तथा 'योग-365' अभियान के उद्देश्यों को सशक्त रूप से आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

## सीमा से समाज तक पहुँचा योग का संदेश, 71वीं वाहिनी एसएसबी ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**बीएनएम@ मोतिहारी**



12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल मोतिहारी द्वारा वाहिनी मुख्यालय एवं कार्यक्षेत्र के सभी सीमा चौकियों में व्यापक स्तर पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम "Yoga for Healthy Ageing" ("स्वस्थ आयु के लिए योग") के अनुरूप आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों, जवानों, सीमावर्ती ग्रामीणों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कार्यवाहक कमांडेंट नीरज कुमार ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ एवं सुंदर समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि समस्त रोगों से मुक्ति तथा जीवन के वास्तविक सुख की प्राप्ति का सबसे सरल, सुलभ एवं प्रभावी साधन योग है। नियमित योगाभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ एवं निरोग रहता है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन तथा सकारात्मक ऊर्जा का भी विकास होता है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, बढ़ते कार्यभार तथा प्रतिस्पर्धा के कारण लोग तनाव, चिंता एवं विभिन्न मानसिक रोगों से प्रभावित हो रहे हैं। योग इन समस्याओं से निपटने का एक प्रभावी माध्यम है। नियमित योग एवं ध्यान के अभ्यास से मानसिक तनाव कम होता है तथा व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से अधिक सशक्त बनता है। योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, सर्वांगासन, योगमुद्रासन, उदराकर्षण, स्वस्तिकासन, गोमुखासन, गोरक्षासन सहित विभिन्न योगासन कराए गए। इसके अतिरिक्त कपालभाति, भ्रामरी एवं अन्य प्राणायाम अभ्यासों के माध्यम से श्वसन प्रणाली को सुदृढ़ बनाने तथा मानसिक एकाग्रता बढ़ाने के उपायों का भी अभ्यास कराया गया। योग विशेषज्ञों द्वारा प्रत्येक योगासन के वैज्ञानिक एवं स्वास्थ्य संबंधी लाभों की जानकारी भी दी गई। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से योग विषयक आर्टिकल लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों को योग के इतिहास, महत्व एवं स्वास्थ्य लाभों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने तथा समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। योग दिवस का यह आयोजन स्वास्थ्य, अनुशासन एवं सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। इस अवसर पर नीरज कुमार कार्यवाहक कमांडेंट , उप कमांडेंट संतोष कुमार, राकेश कुमार सहित वाहिनी के अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान, सीमावती ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

## एमजीसीयू में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'योग संगम' का आयोजन

**बीएनएम@ मोतिहारी**





महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) के विश्वविद्यालय खेल बोर्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर गांधी भवन में 'योग संगम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी तथा स्थानीय नागरिक शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संबोधन के सीधा प्रसारण से हुआ। इसके बाद कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत सामूहिक योग सत्र आयोजित किया गया। योग गुरु डॉ. महेंद्र प्रियदर्शी के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। यह आयोजन आयुष मंत्रालय के नेतृत्व में चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी योग दिवस अभियान का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य योग के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम की सफलता के लिए विश्वविद्यालय खेल बोर्ड ने पूर्व में व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाया था। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने योग को भारत की विश्व को दी गई अमूल्य देन बताते हुए कहा कि "स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग" विषय वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने सभी से योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। एनएसएस समन्वयक एवं मुख्य अनुशासक प्रो. प्रसून दत्ता सिंह तथा खेल बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रो. शिरीष मिश्रा ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रो. संतोष कुमार त्रिपाठी, प्रो. सुनील श्रीवास्तव, प्रो. राजेन्द्र सिंह, डॉ. शिवेन्द्र सिंह, डॉ. पवन कुमार एवं डॉ. श्याम बाबू सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# शराबबंदी वाले बिहार में वार्ड सदस्य का कथित वीडियो वायरल, जांच की मांग तेज

**बीएनएम@ मेहसी**

बिहार में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून के बीच पूर्वी चंपारण जिले के मेहसी प्रखंड की भुरकुरवा पंचायत के एक वार्ड सदस्य का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है और लोग मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भुरकुरवा पंचायत के वार्ड संख्या-5 के वार्ड सदस्य नागेंद्र प्रसाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि 20 जून की रात बलाकोठी कोरीगांव में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान वे ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम में मंच पर मौजूद थे। वायरल वीडियो में उनके हाथ में कथित रूप से शराब की बोतल दिखाई दे रही है और वे कलाकारों के साथ नृत्य करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। वीडियो की सत्यता तथा उसमें दिखाई दे रहे तथ्यों की आधिकारिक पुष्टि प्रशासनिक जांच के बाद ही हो सकेगी। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं



शुरू हो गई हैं। लोगों का कहना है कि बिहार में शराबबंदी कानून लागू है और ऐसे में यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो यह गंभीर मामला माना जाएगा। साथ ही जनप्रतिनिधियों से कानून के पालन और सामाजिक जिम्मेदारी की अपेक्षा भी की जाती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच के आधार पर ही दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। फिलहाल मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। अब लोगों की नजरें पुलिस और जिला प्रशासन की जांच पर टिकी हैं, जिसके बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# बिजुलपुर में विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला, जांच में जुटी पुलिस

**बीएनएम@ तुरकौलिया**

बिजुलपुर थाना क्षेत्र के बिजुलपुर गांव में रविवार सुबह एक विवाहिता का शव घर में फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान सोनू कुमार की पत्नी राधा देवी (22) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद सो गए थे। रविवार सुबह परिजनों ने राधा देवी को फंदे से लटका देखा। आनन-फानन में उन्हें नीचे उतारा गया और पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही बिजुलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए तथा एक दुपट्टे को जांच के लिए जब्त किया है। बताया जाता है कि राधा देवी की शादी जून 2025 में हुई थी। उनके पीछे एक छोटी पुत्री है। उनके पति स्थानीय स्तर पर एक दवा दुकान में कार्यरत हैं। पुलिस पड़ोसियों और परिजनों से पूछताछ कर घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है। थानाध्यक्ष संपत कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मृतका के गले पर काले निशान पाए गए हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। परिजनों की ओर से आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतरराज्यीय चेन स्नैचिंग गिरोह का भंडाफोड़, लूटी गई दो सोने की चेन बरामद

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण पुलिस ने चेन स्नैचिंग की घटनाओं के खुलासे में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने नगर थाना और छतौनी थाना क्षेत्र में महिलाओं से छीनी गई दो सोने की चेन बरामद कर ली है। मामले में गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 7 जून 2026 को नगर थाना एवं छतौनी थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग स्थानों पर अज्ञात अपराधियों ने महिलाओं से सोने की चेन छीन ली थी। इस संबंध में नगर थाना कांड संख्या-520/26 तथा छतौनी थाना कांड संख्या-320/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए सदर-01 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी एवं मानवीय अनुसंधान के साथ विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का गहन विश्लेषण किया। जांच के दौरान पुलिस को चेन स्नैचिंग में शामिल गिरोह के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग मिले। अनुसंधान में अंतरराज्यीय कोढ़ा गिरोह, जिला कटिहार की संलिप्तता सामने आई। इसके बाद नगर थाना, छतौनी थाना और कटिहार जिले के कोढ़ा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए गिरोह से जुड़े अपराधियों की पहचान की और उनके ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान घटना में छीनी गई दोनों सोने की चेन अपराधियों के घर से बरामद कर ली गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। इस कार्रवाई में सदर-01 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नगर थाना, छतौनी थाना, तकनीकी शाखा तथा कोढ़ा थाना पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मोतिहारी पुलिस ने कहा है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध और संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### लूट कांड के फरार अभियुक्त के घर कुर्की, मोतिहारी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**बीएनएम@ मोतिहारी।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पूर्वी चंपारण पुलिस ने लूट कांड के एक फरार अभियुक्त के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके घर की कुर्की की है। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के आलोक में की गई। पुलिस के अनुसार, डुमरियाघाट थाना कांड संख्या-234/24 में नामजद अभियुक्त आस मोहम्मद, पिता मंजूर उर्फ मोबीन, निवासी नेकनमपुर फुलड़ी, थाना गढ़मुक्तेश्वर, जिला हापुड़ (उत्तर प्रदेश), लंबे समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था, जिसके कारण उसकी गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी। न्यायालय द्वारा जारी आदेश के बाद मोतिहारी पुलिस की टीम उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले स्थित अभियुक्त के आवास पर पहुंची और विधि-सम्मत तरीके से कुर्की की कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में घर में रखे सामानों की सूची तैयार की गई तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरार अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में ऐसे अभियुक्तों की संपत्तियों की कुर्की की जा रही है, ताकि वे आत्मसमर्पण कर न्यायिक प्रक्रिया में शामिल हों। पूर्वी चंपारण पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराध नियंत्रण और अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा। फरार अभियुक्तों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

### एचएचडी मशीन से खुला चोरी की बाइक का राज, एक गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के लखौरा थाना पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई को वाहन चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार, लखौरा थाना क्षेत्र के गोड़िया पुल के समीप वाहन जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार को रोका गया। जांच के क्रम में एचएचडी (HHD) मशीन से वाहन के नंबर प्लेट और चेसिस नंबर का सत्यापन किया गया। जांच में दोनों नंबरों में भिन्नता पाई गई, जिससे मोटरसाइकिल के चोरी की होने की आशंका हुई। इसके बाद पुलिस ने मोटरसाइकिल को जब्त कर चालक से पूछताछ की। पूछताछ के आधार पर उमेश प्रसाद यादव, पिता अशर्फी प्रसाद यादव, निवासी जगिरहा करमैला, थाना लखौरा, जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में लखौरा थाना कांड संख्या-158/26 दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वाहन चोरी के इस नेटवर्क में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं। मोतिहारी पुलिस ने बताया कि जिले में वाहन चोरी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए विशेष वाहन जांच अभियान लगातार चलाया जा रहा है। कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### सेना के जवान के बेटे मंटू कुमार बने डीएसपी, दूसरे प्रयास में हासिल की सफलता



**बीएनएम@ चिरैया।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में चिरैया प्रखंड के लक्ष्मीपुर गांव निवासी मंटू कुमार ने 125वीं रैंक हासिल कर पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) पद पर चयनित होकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी सफलता से गांव समेत पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। 25 वर्षीय मंटू कुमार रामपुर दक्षिणी पंचायत के लक्ष्मीपुर गांव के निवासी हैं। उनके पिता धर्मेंद्र बैठा भारतीय सेना में कार्यरत हैं, जबकि माता अनारकली देवी गृहिणी हैं। तीन भाइयों में सबसे बड़े मंटू कुमार ने अपने दूसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मोतिहारी के दिल्ली पब्लिक स्कूल से प्राप्त की। वर्ष 2016 में मैट्रिक और 2018 में इंटरमीडिएट प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने के बाद दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर से इतिहास में स्नातक तथा इग्नू से समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। मंटू कुमार ने बताया कि छात्र जीवन से ही उनका सपना पुलिस सेवा में जाने का था। सीडीएस परीक्षा में असफल होने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार मेहनत करते रहे। दिल्ली में कोचिंग के बाद उन्होंने पटना में रहकर स्वाध्याय को प्राथमिकता दी। प्रतिदिन 8 से 10 घंटे की पढ़ाई और अनुशासित दिनचर्या ने उन्हें सफलता दिलाई। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवार और शिक्षकों को दिया। उनका कहना है कि धैर्य, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास किसी भी सफलता की कुंजी हैं। परिणाम घोषित होने के बाद शांति चौक से लक्ष्मीपुर गांव तक गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और वाहनों के काफिले के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# बीपीएससी में नंदन चौरसिया की सफलता की हैट्रिक, प्रोबेशन ऑफिसर बन बढ़ाया अरेराज का मान

**बीएनएम@ अरेराज**

पूर्वी चंपारण जिले के अरेराज अनुमंडल अंतर्गत जितवारपुर (पिपरा) निवासी नंदन चौरसिया ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता हासिल कर गृह विभाग में प्रोबेशन ऑफिसर (लेवल-09) पद पर चयनित होकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि से अरेराज सहित पूरे जिले में खुशी का माहौल है। नंदन चौरसिया ने लगातार तीसरी बार बीपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इससे पूर्व वर्ष 2023 में उनका चयन पंचायती राज विभाग में ऑडिटर (लेवल-05) पद पर हुआ था। इसके बाद वर्ष 2024 में उन्होंने वित्त विभाग में असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर (लेवल-07) पद हासिल किया। अब 70वीं बीपीएससी परीक्षा में प्रोबेशन ऑफिसर के पद पर चयनित होकर उन्होंने सफलता की हैट्रिक पूरी की है। नंदन की शिक्षा-दीक्षा स्थानीय स्तर पर ही हुई है। उन्होंने श्री सोमेश्वर नाथ हाई स्कूल, अरेराज से मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद महंत शिव शंकर गिरी महाविद्यालय, अरेराज से इंटरमीडिएट एवं स्नातक की पढ़ाई पूरी की। ग्रामीण परिवेश और सीमित संसाधनों के बावजूद उनकी यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।



उनकी सफलता पर ऐस क्लासेस के निदेशक प्रमोद मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नंदन ने यह साबित कर दिया है कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से किसी भी मंजिल को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नंदन आज क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं। नंदन की इस उपलब्धि पर उनके पिता विनोद भगत, माता विनीता देवी सहित पूरे परिवार को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बीपीएससी में 79वीं रैंक हासिल कर विवेक बने एसडीएम, हरसिद्धि समेत चंपारण का बढ़ाया मान

**बीएनएम@ हरसिद्धि**

प्रखंड क्षेत्र के बाबू टोला निवासी विवेक कुमार ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में 79वीं रैंक प्राप्त कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ उनका चयन उप समाहर्ता (एसडीएम) पद के लिए हुआ है। विवेक स्वर्गीय कपिलदेव सिंह के पौत्र तथा रंजीत सिंह के पुत्र हैं। विवेक कुमार की सफलता से हरसिद्धि सहित पूरे पूर्वी चंपारण जिले में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनकी इस उपलब्धि को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया है। लोगों का कहना है कि विवेक ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल कर यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण परिवेश से आने वाले युवा भी कठिन परिश्रम के दम पर बड़ी सफलता प्राप्त कर




सकते हैं। उनकी सफलता पर पूर्व मंत्री एवं हरसिद्धि विधायक कृष्णनंदन पासवान, पूर्व विधायक एवं विधान पार्षद महेश्वर सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, केसरिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी वरुण विजय, भाजपा नेता इंजीनियर राकेश कुमार गुप्ता, अशोक कुमार कुशवाहा, समाजसेवी नरेश अग्रवाल, डबली अग्रवाल, हीरा अग्रवाल, महावीर सिंह, गोपाल सिंह, नगीना सिंह, भोला सिंह, बांके बिहारी सिन्हा, रामबाबू सिंह, ब्रजेश सिंह, पत्रकार राजेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष निकेश सिंह, रवीश सिंह, रंजन सिंह, अरुण कुमार सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शुभचिंतकों ने विश्वास व्यक्त किया कि विवेक कुमार अपनी प्रशासनिक सेवा के माध्यम से समाज और राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। वहीं क्षेत्र के युवाओं ने उनकी सफलता को प्रेरणा का स्रोत बताते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि से हरसिद्धि तथा पूरे चंपारण का नाम बिहार में गौरवान्वित हुआ है।

# अरेराज थाना परिसर में स्वर्ण व्यवसायियों के साथ बैठक, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर

**बीएनएम@ अरेराज**

अरेराज थाना परिसर में रविवार को अरेराज बाजार के स्वर्ण एवं आभूषण व्यवसायियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी ने की। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना तथा आपराधिक घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष ने स्वर्ण व्यवसायियों की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। उन्होंने सभी आभूषण दुकानदारों को अपनी दुकानों में पर्याप्त बैकअप वाले उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आधुनिक अलार्म सिस्टम और अग्निशामक यंत्र




(फायर एक्स्टिंग्विशर) अनिवार्य रूप से रखने की सलाह दी। थानाध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी ने कहा कि तकनीक के प्रभावी उपयोग से अपराधों पर नियंत्रण पाने में मदद मिलती है। सीसीटीवी और अलार्म सिस्टम जैसी व्यवस्थाएं किसी भी आपराधिक घटना की स्थिति में त्वरित कार्रवाई और जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने व्यवसायियों को आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है। बाजार एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त को और अधिक सघन किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने व्यवसायियों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में उपस्थित स्वर्ण व्यवसायियों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए सुरक्षा मानकों का पालन करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का भरोसा दिलाया।

# दहेज हत्या मामले के दो आरोपितों के घर इश्तिहार चस्पा

**बीएनएम@ हरसिद्धि**



दहेज हत्या के एक मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने इश्तिहार चस्पा करने की कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, हरसिद्धि थाना कांड संख्या-161/26 में दर्ज दहेज हत्या मामले में नामजद प्राथमिक अभियुक्त पन्नालाल साह, पिता बिंदेश्वर साह तथा अनमोल साह, पिता पन्नालाल साह, दोनों निवासी जागापाकर, थाना हरसिद्धि, के घर पर विधिवत इश्तिहार चस्पा किया गया। बताया गया कि न्यायालय के निर्देश के आलोक में पुलिस टीम ने आरोपितों के आवास पर पहुंचकर कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए इश्तिहार चस्पा किया। पुलिस ने आरोपितों को निर्धारित अवधि के भीतर न्यायालय अथवा पुलिस के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यदि आरोपित निर्धारित समय सीमा के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# भरत तिवारी मामले में निकला कैंडल मार्च, निष्पक्ष जांच की मांग



**बीएनएम@ रामगढ़वा**

भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड अंतर्गत बिलौटी गांव में 17 मार्च को भरत तिवारी की एनकाउंटर में हुई मौत को लेकर लोगों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। मामले की निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग को लेकर रविवार को रामगढ़वा में शोक सभा आयोजित की गई, जिसके बाद रामगढ़वा मठ से बाजार तक कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च में शामिल लोगों ने भरत तिवारी की मौत को संदिग्ध बताते हुए घटना की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि घटना से जुड़े कई पहलुओं पर अभी भी सवाल बने हुए हैं, जिनकी सच्चाई सामने लाने के लिए पारदर्शी जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही वास्तविक तथ्यों का खुलासा हो सकेगा और पीड़ित परिवार को न्याय मिल पाएगा। मार्च में शामिल लोगों ने प्रशासन से मामले की गहन जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि कानून के दायरे में रहकर वे अपनी आवाज उठाते रहेंगे। उनका कहना था कि जब तक घटना की सच्चाई सामने नहीं आती, तब तक न्याय की मांग जारी रहेगी। कैंडल मार्च में सुशील कुमार मिश्रा, जीवन द्विवेदी, प्रमोद नारायण सिंह, जिप पति कमरुद्दीन मंसूरी, संतोष सिंह, संतोष चौधरी, छोटन सिंह, राजीव रंजन, संजय पांडे, प्रमोद तिवारी, जितेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, दिनेश सिंह, निहाल, राजीव रजक, डब्लू पांडे, रोहित कुमार, अंजार खान, ओमप्रकाश सिंह तथा जनसुराज के युवा प्रतिनिधि प्रहलाद मिश्रा समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# हरैया पुलिस ने बरामद की 25 हजार से अधिक नशीली एक्सपायरी टैबलेट, तस्कर फरार

**बीएनएम@ रक्सौल**

हरैया थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में एक्सपायरी नशीली दवाइयां बरामद की हैं। हालांकि पुलिस को देख तस्कर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार, हरैया थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रक्सौल की ओर से एक व्यक्ति नशीली दवाओं की खेप को सीमा पार ले जाने की तैयारी में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम बायपास ओवरब्रिज के नीचे पहुंची। पुलिस को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति अपने पास रखी दवाइयों को सड़क किनारे फेंककर फरार हो गया। मौके पर की गई तलाशी के दौरान पुलिस ने 25,300 नाइट्राज़ेपाम (Nitrazepam) की एक्सपायरी टैबलेट बरामद की। बरामद दवाओं



को विधिवत जब्त कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार ने बताया कि मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। फरार तस्कर की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा संभावित गवाहों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का मानना है कि सीमावर्ती क्षेत्र में नशीली दवाओं की तस्करी से जुड़े नेटवर्क का यह एक महत्वपूर्ण मामला हो सकता है। मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही तस्कर की गिरफ्तारी की उम्मीद है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि नशीले पदार्थों की तस्करी या किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# नीट पेपर लीक

छात्रों का सवाल है कि नीट पेपर लीक, सीबीएसई की ऑन स्क्रीन मार्किंग में गड़बड़ी, अनगिनत परीक्षाओं के आयोजन में अव्यवस्था आदि के लिए किसी को तो उत्तरदायी होना चाहिए? फिलहाल, उन्होंने शिक्षा मंत्री को जवाबदेह माना है।

कॉकरोच जनता पार्टी के पहले जमीनी विरोध प्रदर्शन में सामान्यतः अपेक्षाकृत संपन्न परिवारों से आए छात्र- नौजवानों का जमावड़ा लगा। उनका, जो शिक्षा के जरिए ऊंचे करियर का सपना देख सकने की स्थिति में होते हैं। शिक्षा की ढहती व्यवस्था उनके सपनों के साकार होने में रुकावट बन गई है, तो ये युवा ये पूछने निकले हैं कि इसके लिए जिम्मेदार कौन है? इसीलिए नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर जो शब्द सबसे ज्यादा सुनाई दिया, वो है- जवाबदेही।

छात्रों का सवाल है कि नीट पेपर लीक, सीबीएसई की ऑन स्क्रीन मार्किंग में गड़बड़ी, अनगिनत प्रवेश परीक्षाओं के आयोजन में अव्यवस्था आदि के लिए किसी को तो उत्तरदायी होना चाहिए? फिलहाल, उन्होंने इनके लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री को जवाबदेह माना है, इसलिए उनकी पहली मांग है कि धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। वैसे, प्रदर्शन स्थल पर सवाल यह भी उठा कि यूनिवर्सिटीज की टॉप वर्ल्ड रैंकिंग में पहले 100 स्थान में एक भी भारतीय विश्वविद्यालय क्यों नहीं है? ये बुनियादी प्रश्न हैं। सत्ताधारी इनकी ज्यादा देर तक अनदेखी नहीं कर सकते। भाजपा नेतृत्व को समझना चाहिए कि कॉकरोच लामबंदी में बड़ी संख्या में वो नौजवान शामिल हुए हैं, जिनकी उम्र 15-25 वर्ष के बीच है। उन्होंने अपने होश में सिर्फ मोदी राज देखा है।

इसलिए उनके बीच पिछली सरकारों की नाकामियों का शोर मचाने की रणनीति निष्प्रभावी होने लगी है। ये पीढ़ी हिंदू- मुसलमान, देशद्रोही- पाकिस्तान आदि के नैरेटिव्स को सुनते हुए बड़ी हुई है। उससे उसको तब तक शिकायत नहीं थी, जब तक उन्हें अपना करियर सुरक्षित दिखता था। आम तुजुर्बा है कि जब अपना भविष्य दांव पर लगा दिखे, तो ऐसी कहानियां बेअसर होने लगती हैं। जंतर-मंतर एक ऐसी पीढ़ी के उभर चुकने का गवाह बना। सत्ता पक्ष को इस जमीनी बदलाव को गंभीरता से लेना चाहिए। जवाबदेही की उठी मांग पर उसे सकारात्मक रुख अपनाना चाहिए। युवा भावनाओं को दबाने या भटकाने की कोशिश के उलटे परिणाम हो सकते हैं। याद रखना चाहिए कि दुनिया ज़ेन-जी परिघटना से गुजर रही है। अतः भारत में इस पीढ़ी की आंकाक्षाएं संवैधानिक दायरे में पूरी हो जाएं, इसे वर्तमान सरकार को अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए।

# ऐतिहासिक कार्यकाल, परिवर्तनकारी नेतृत्व

सीपी राधाकृष्णन

भारत ने 10 जून, 2026 को अपने लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया अध्याय दर्ज किया। इस रोज श्रीमान नरेंद्र मोदीजी ने प्रधानमंत्री के रूप में निर्बाध सेवा के 4,399 दिन पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह ऐतिहासिक उपलब्धि सिर्फ राष्ट्र निर्माण के लिए उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को ही नहीं दिखाती। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के लोगों के अडिग विश्वास और आस्था को भी प्रतिबिंबित करती है। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के लिए अथक प्रतिबद्धता तथा भारत की अवाम के कल्याण और आकांक्षाओं प्रति अटूट निष्ठा को प्रतिबिंबित करती है।

परिवर्तनकारी नेतृत्वः 4,366 दिन और आगे : श्रीमान नरेंद्र मोदीजी ने राष्ट्र के प्रधान सेवक के रूप में भारत में सुशासन और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांतों पर आधारित अभूतपूर्व परिवर्तन के युग की शुरुआतकी है। इतिहास अब्राहम लिंकन को मानव दासता का अभिशाप खत्म कर लाखों लोगों की गरिमा बहाल करने में उनके अडिग नेतृत्व के लिए उनका आदर करता है। इसी तरह, आने वाली पीढ़ियां 25 करोड़ से ज्यादा गरीबों को पूर्ण निर्धनता से बाहर निकालने के लिए श्रीमान नरेंद्र मोदीजी को याद करेंगी। उनकी दृष्टि, अथक प्रयासों और परिवर्तनकारी शासन ने अनगिनत परिवारों को अवसर, गरिमा और उम्मीद देकर सशक्त बनाया है तथा वे आर्थिक स्वतंत्रता और बेहतर भविष्य के आश्वासन को अपनाने में समर्थ बने हैं। उनका योगदान मानवता की सेवा में एक युगांतरकारी उपलब्धि के रूप में इतिहास में दर्ज रहेगा। इतना ही नहीं, उनकी परिवर्तनकारी पहलकदमियों ने शिक्षा, आवासन, स्वच्छता, स्वास्थ्यसेवा और खाद्य निश्चितता के माध्यम से करोड़ों लोगों की गरिमा और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक, आयुष्मान भारत योजना के जरिए 44 करोड़ से ज्यादा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यसेवा प्रदान की गई है। जल जीवन मिशन ने 12 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों में सुरक्षित और विश्वसनीय पेयजल पहुंचा कर अनगिनत परिवारों को गरिमा प्रदान की और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। निःशुल्क खाद्यान्न के 2020 से जारी प्रावधान से लगभग 80 करोड़ लोगों की खाद्य सुरक्षा की रक्षा होने के अलावा यह सुनिश्चित हुआ है कि कोई भी कमजोर नागरिक पीछे नहीं छूटने पाए। इसके अतिरिक्त, 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों का सुरक्षित और स्थाई घर का मालिक बनने का सपना पूरा हुआ जिससे उनमें सुरक्षा, गरिमा और भविष्य के लिए उम्मीद की भावना मजबूत हुई है। कुल मिला कर, ये पहलकदमियां एक सहृदय शासन और प्रत्येक भारतीय के कल्याण के लिए अटूट प्रतिबद्धता के स्थाई प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी के दृष्टिकोण ने समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाया है—चाहे वे महिलाएं हों, युवा हों, किसान हों या वंचित वर्ग के लोग। 3 करोड़ से ज़्यादा लखपति दीदियों का सामने आना महिला नेतृत्व में विकास के उनके दृष्टिकोण का एक सशक्त प्रमाण है, जबकि नारी शक्ति के तहत शुरू की गई पहलों ने महिलाओं को देश के निर्माण में और भी अहम भूमिका निभाने में सक्षम बनाया है। नए आईआईटी, एम्स, मेडिकल कॉलेजों और उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना से भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा तेज़ी से बढ़ा है, जिससे देश के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा हुए हैं। साथ ही, भारत ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व क्रांति देखी है। वंदे भारत ट्रेनों, हवाई अड्डों, राजमार्गों और रेलवे स्टेशनों के तेज़ी से विस्तार से लेकर दूर-दराज़ के इलाकों तक कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने वाली परियोजनाओं तक, उनके नेतृत्व में एक आधुनिक, आपस में जुड़े हुए और महत्वाकांक्षी भारत की नींव रखी है। इन उपलब्धियों ने न केवल आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि देश भर के लाखों नागरिकों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाया है। भारत डिजिटल नवाचार, सेमी-कंडक्टर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, वैक्सीन बनाने और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा है, जिससे उभरती हुई नई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में विश्व में हमारे देश की स्थिति और मजबूत हुई है।

विकास भी, विरासत भीः तमिल विरासत का सम्मान, तमिलनाडु का विकास समकालीन नेताओं में प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी को जो बात सबसे अलग और अनूठी बनाती है, वह है उनका यह दृढ़ विश्वास कि विकास और परंपरा कोई परस्पर विरोधी विचार नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। विकास भी, विरासत भी की अपनी दूरदर्शी सोच के ज़रिए उन्होंने यह दिखाया है कि कोई देश अपनी सभ्यतागत विरासत से जुड़े रहते हुए भी तेज़ी से आधुनिकीकरण की राह पर आगे बढ़ सकता है। उनके नेतृत्व में, भारत ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्रौद्योगिकी, मैन्युफैक्चरिंग और समाज कल्याण के क्षेत्र में परिवर्तनकारी विकास किया है और इसके साथ ही अपनी प्राचीन संस्कृति, भाषाओं, आध्यात्मिक परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत के प्रति एक नए गौरव का अनुभव किया है। चाहे पवित्र स्थलों का जीर्णोद्धार हो, सांस्कृतिक प्रतीकों का पुनरुत्थान हो, शास्त्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना या अमूल्य कलाकृतियों का संरक्षण हो- उनके शासन में आधुनिक आकांक्षाओं और शाश्वत मूल्यों का दुर्लभ समन्वय देखने को मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नज़रिए ने राष्ट्र-निर्माण की परिभाषा को नए सिरे से गढ़ा है। उन्होंने यह साबित किया है कि असली विकास का पैमाना सिर्फ़ आर्थिक तरक्की नहीं है, बल्कि इसे इस बात से भी मापा जाता है कि एक राष्ट्र अपनी विरासत को भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने, संजोने और सौंपने में कितना सक्षम है। उनकी विकास भी, विरासत भी की सोच एक ऐसे आत्मविश्वास से भरे और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते भारत के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत बन गई है, जो अपने गौरवशाली अतीत से मज़बूती से जुड़े रहते हुए भविष्य की ओर निडरता से कदम बढ़ा रहा है। इस सोच का सबसे ज़्यादा फ़ायदा तमिलनाडु और दुनिया भर में फैले तमिल समुदाय को मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में उनकी समृद्ध भाषाई, सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत को अभूतपूर्व पहचान, सम्मान और समर्थन मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में चलाई जा रही परिवर्तनकारी पहलों से तमिलनाडु को बहुत लाभ हुआ है, जिनमें चेन्नई मेट्रो रेल का विस्तार, चेन्नई-बेंगलुरु एक्सप्रेसवे, तमिलनाडु रक्षा औद्योगिक गलियारा, बंदरगाहों और हवाई अड्डों का आधुनिकीकरण, राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और नया पाम्बन रेल पुल शामिल हैं। भारत के पहले वर्टिकल-लिफ्ट सी-ब्रिज, नए पाम्बन रेल पुल का उद्घाटन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो रामेश्वरम के लिए कनेक्टिविटी को बेहतर बनाता है और भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का प्रतीक है। आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के निरंतर और दृढ़ प्रयास के कारण, तमिलनाडु इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल फोन और आईफोन मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक प्रमुख केंद्र के तौर पर भी उभरा है।

पूर्व के किसी भी प्रधानमंत्री ने तमिल भाषा, संस्कृति और विरासत को उस निरंतरता, प्रमुखता और वैश्विक स्तर पर बढ़ावा नहीं दिया जैसा श्रीमान नरेंद्र मोदी जी ने दिया है, उन्होंने तमिल सभ्यता को एक नई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। भारत और विदेशों में तमिल की प्राचीनता और साहित्यिक समृद्धि का उनके द्वारा लगातार किया गया गौरवगान दुनिया भर के तमिलों के दिलों को गहराई से छू गया है। इस गहरे संदेश को वैश्विक मंच पर लाकर, उन्होंने दुनिया को तमिल संस्कृति में निहित शाश्वत मानवीय मूल्यों और उसकी समृद्ध सभ्यतागत विरासत से परिचित कराया। मानवता को यह एहसास हुआ कि कार्ल मार्क्स से सदियों पहले ही तमिलों ने एक मानवता के नेक विचार को अपनाया था। वसुधैव कुटुंबकम की पहल भी इसी दर्शन पर आधारित है। काशी-तमिल संगमम और सौराष्ट्र-तमिल संगमम जैसी पहलों ने सांस्कृतिक संबंधों को मज़बूत किया है और उन स्थायी सभ्यतागत रिश्तों को उजागर किया है जो हमारे देश को एकजुट करते हैं। हमारे नए संसद भवन में सेंगोल की स्थापना, भारत की लोकतांत्रिक और सभ्यतागत विरासत में तमिलनाडु के योगदान की एक सटीक पहचान है। प्रधानमंत्री मोदी जी की गंगईकोंडा चोलपुरम की यात्रा चोल वंश की विरासत को उजागर करती है। साथ ही, विदेशों से बेशकीमती कलाकृतियों और प्राचीन वस्तुओं को वापस लाने की व्यापक रूप से सराहना की गई है, इनमें हाल ही में अनाईमंगलम से मिली चोल-युगीन तांबे के ताम्रपत्र भी शामिल हैं। मंदिरों, धरोहर स्थलों, शास्त्रीय साहित्य और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के लिए उनके समर्थन के साथ-साथ, इन प्रयासों ने विश्व में तमिल सभ्यता की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है और तमिल भाषा व संस्कृति के प्रति उनके गहरे सम्मान को भी दर्शाया है।

निष्कर्षः हर दौर में इतिहास ऐसे नेताओं के उदय का गवाह रहा है, जिनकी सोच और काम उनके समय की सीमाओं से कहीं आगे होते हैं। ऐसे लोगों को युग पुरुष के तौर पर याद किया जाता है क्योंकि वे देश की नियति बदलते हैं और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। अपने परिवर्तनकारी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्धता और जनता की अथक सेवा के माध्यम से, वह समकालीन भारत के एक सच्चे युग पुरुष के रूप में उभरे हैं।

मुझे पूरा विश्वास है कि उनका कुशल नेतृत्व राष्ट्र को विकसित भारत ञ्च 2047 की ओर ले जाएगा।

(लेखक भारत के उपराष्ट्रपति हैं)

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सोशल मीडिया और न्यायपालिका?

सनत जैन

पिछले एक वर्ष के दौरान भारत में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर सामग्री हटाने, अकाउंट ब्लॉक करने और ऑनलाइन कंटेंट पर नियंत्रण को लेकर बहस लगातार तेज हुई है। सरकार का तर्क है, फेक न्यूज, डीपफेक, सांप्रदायिक तनाव, साइबर अपराध और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े खतरों से निपटने के लिए सख्त नियमन आवश्यक हैं। दूसरी ओर डिजिटल अधिकार कार्यकर्ता, विपक्षी दल, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जिसमें अधिकांश अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं हैं, इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और पारदर्शिता से जोड़कर देख रही हैं। हाल ही में नीट परीक्षा को लेकर टेलीग्राम पर सरकार ने प्रतिबंध लगाया है, इस प्रतिबंध को लेकर टेलीग्राम ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, हाईकोर्ट ने प्रतिबंध को जायज ठहराया है। जबकि इस परीक्षा से टेलीग्राम का कोई लेना-देना नहीं था। इसके पहले भी अनेक मामलों को लेकर कई सोशल मीडिया कंपनियों द्वारा हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगा, लेकिन कानूनी रूप से हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से भी इन अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को जो न्याय मिला है उसको लेकर बेचैनी देखने को मिल रही है। हाल के महीनों में केंद्र सरकार द्वारा जारी कंटेंट ब्लॉकिंग आदेशों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ऑनलाइन सामग्री को हटाने के सरकारी आदेश एक वर्ष में लगभग दोगुने होकर 24 हजार तक पहुंच गए हैं। इनमें सबसे अधिक कार्रवाई एक्स पूर्व में ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम से संबंधित सामग्री पर कार्यवाही हुई है।

सोशल मीडिया कंपनियों और सरकार के बीच टकराव का सबसे चर्चित उदाहरण एक्स और केंद्र सरकार के बीच चला विवाद है। एक्स ने सरकार की नई कंटेंट-हटाने की नीति को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाया। इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से जुड़ा मुद्दा बताया है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने सरकार के पक्ष में फैसला देते हुए कहा कि भारत में कार्यरत डिजिटल प्लेटफॉर्मों को भारतीय कानूनों का पालन करना होगा। अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों का कहना है कि यह ऐसे कानून हैं जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सोशल मीडिया कंपनियों की परेशानियों को बढ़ाने वाले हैं। इसी प्रकार हाल में टेलीग्राम पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध को लेकर भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर असंतोष देखने को मिल रहा है। भारत सरकार ने इसे कथित परीक्षा-पत्र लीक और धोखाधड़ी रोकने के लिए आवश्यक कदम बताया है। जबकि टेलीग्राम ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए इसे अभिव्यक्ति और सूचना तक पहुंच के अधिकार पर आघात बताया है। सरकार के इस प्रतिबंध से लगभग 15 करोड लोगों की सेवाएं बंद हुई हैं, लेकिन टेलीग्राम को इस मामले में न्यायपालिका से कोई न्याय नहीं मिला। यहीं से बहस का दूसरा पक्ष शुरू होता है। आलोचकों का कहना है, जब बड़ी संख्या में कंटेंट हटाने के आदेश जारी होते हैं। अदालतें कई मामलों में सरकार के अधिकारों को वैध ठहराती हैं।

और कई मामलों में अदालत उससे उलट फैसला देती हैं। तब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह धारणा बनती है, न्यायपालिका का संतुलन कमजोर हो रहा है। दूसरी ओर सरकार समर्थकों का तर्क है। अदालतें स्वतंत्र रूप से कानून की व्याख्या करती हैं। केवल सरकार के पक्ष में फैसला आने से न्याय पालिका की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता है। अंतर्राष्ट्रीय कानूनी और डिजिटल अधिकार संगठनों ने भी भारत में ऑनलाइन सामग्री हटाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिकों को स्पष्ट कारण बताने की व्यवस्था मजबूत होनी चाहिए। कंटेंट हटाने और प्रतिबंध लगाने के पहले सुनवाई का मौका दिया जाना चाहिए। वास्तविक चुनौती यही है, लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सार्वजनिक व्यवस्था के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए। सरकार का अधिकार है, वह कानून-व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करे। उतना ही आवश्यक यह भी है, नागरिकों में यह विश्वास बना रहे। बिना अनावश्यक हस्तक्षेप के वह अपनी बात कह सकें। लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं चलता। जनता के विश्वास एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर भी चलता है। यदि सोशल मीडिया, कंपनियां, नागरिक, समाज, विपक्ष और सरकार एक-दूसरे पर अविश्वास व्यक्त करगें, तो इसका असर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर पडना तय है। आवश्यकता इस बात की है कि कंटेंट हटाने की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी हो। न्यायिक समीक्षा प्रभावी हो, नागरिक अधिकारों तथा राष्ट्रीय हितों के बीच संतुलन कायम रखा जाए। लोकतंत्र की पहचान नियम और कानून का पालन सरकार और आम जनता जब दोनों मिलकर करते हैं तभी लोकतंत्र पुष्ट होता है। यदि यह धारणा बनने लगे, न्याय पालिका में सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट हमेशा सरकार के पक्ष में फैसले देते हैं। इससे लोकतंत्र न्यायपालिका दोनों ही कमजोर होते हैं। यह एक आरोप भी हो सकता है। आरोप तभी लगते हैं जब ऐसा बहुतायत में होने लगता है। न्यायपालिका को इस दिशा में समुचित विचार करने की जरूरत है। भारतीय संविधान में न्यायपालिका पूर्ण रूप से स्वतंत्र हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय न्यायपालिका की यही साख बनी हुई थी। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी यदि यही धारणा बन रही है। ऐसी स्थिति में यह सरकार और न्यायपालिका दोनों के लिए उचित नहीं कहीं जा सकती है। आगे चलकर इसके दीर्घकालिक प्रभाव हर स्तर पर देखने को मिलेंगे। वर्तमान स्थिति में जब कोई भी कम्युनिकेशन सारी दुनिया के देशों को प्रभावित करता हो, इस मामले में सरकार और न्यायपालिका की जिम्मेदारी बढ़ जाती है।

# ब्रिक्स और कृषि व्यापार की नई दिशा

एम.एल. जाट एवं स्मिता सिरोही

भारत 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता ऐसे समय कर रहा है जब कृषि व्यापार की चर्चा केवल शुल्क और बाजार पहुंच तक सीमित नहीं रह गई है। जलवायु संकट, खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव, उर्वरकों की आपूर्ति में रुकावट, सतत उत्पादन से जुड़े मानक, उत्पाद के स्रोत और गुणवत्ता की डिजिटल जानकारी तथा संकट के समय बाजारों को खुला रखने की जरूरत अब कृषि व्यापार के अहम मुद्दे बन चुके हैं।

कृषि क्यों महत्वपूर्ण है

ब्रिक्स के विस्तार के बाद यह समूह अब दुनिया की लगभग आधी आबादी, वैश्विक जीडीपी के करीब 40 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के लगभग एक चौथाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। संयुक्त राष्ट्र की व्यापार एवं विकास संस्था, अंकटाड, के हालिया आकलन के अनुसार, ब्रिक्स देशों के बीच वस्तुओं का व्यापार 2003 के बाद तेरह गुना से अधिक बढ़ा है और 2024 में 1.17 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। कृषि इस बड़े व्यापारिक परिदृश्य का केवल एक हिस्सा हो सकती है, लेकिन राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से यह सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में है। जब खाद्य पदार्थ महंगे होते हैं, उर्वरकों की आपूर्ति रुकती है या समुद्री मार्गों में अनिश्चितता आती है, तो इसका सीधा असर किसानों, उपभोक्ताओं और सरकारों पर पड़ता है। इसलिए कृषि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है। ब्रिक्स देशों के बीच कृषि के क्षेत्र में कई तरह की पूरकताएं हैं। ब्राजील सोयाबीन, मांस और चीनी का बड़ा निर्यातक है। रूस अनाज और उर्वरकों में महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। भारत चावल, समुद्री उत्पाद, मसाले, भैंस के मांस और छोटे किसानों से जुड़ी कई कृषि वस्तुओं में मजबूत स्थिति रखता है। चीन खाद्य पदार्थों का बड़ा आयातक और प्रसंस्करण करने वाला देश है। दक्षिण अफ्रीका इस समूह को अफ्रीका के महत्वपूर्ण कृषि-खाद्य बाजारों से जोड़ता है। नए सदस्य भी इसमें नए आयाम जोड़ते हैं। संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब लॉजिस्टिक्स, वित्त और खाद्य सुरक्षा निवेश के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। मिस्र और इथियोपिया अफ्रीका की खाद्य प्रणाली से जुड़ी चिंताओं को सामने लाते हैं, जबकि इंडोनेशिया पाम ऑयल, मत्स्य क्षेत्र और उष्णकटिबंधीय कृषि की ताकत जोड़ता है।

आपसी ताकतों को ठोस व्यवस्था में बदलना

लेकिन केवल बड़े पैमाने और आपसी ताकतों के मेल से अपने-आप मजबूत व्यापार व्यवस्था नहीं बनती। आगामी ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक भारत को यह अवसर देती है कि वह सहयोग को कुछ ठोस दिशाओं में आगे बढ़ाए। इनमें भरोसेमंद व्यापार व्यवस्था, बीज, उर्वरक और अन्य उत्पादन सामग्री की मजबूत आपूर्ति श्रृंखला, बेहतर बाजार जानकारी और ऐसी मूल्य श्रृंखलाएं शामिल हैं जिनमें छोटे किसानों, महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी हो।

भरोसेमंद व्यापार व्यवस्था को शुरुआती प्राथमिकता मिलनी चाहिए। कृषि व्यापार में केवल माल भेजना पर्याप्त नहीं है; यह भी उतना ही जरूरी है कि उत्पाद की गुणवत्ता, सुरक्षा और स्रोत पर भरोसा हो। कृषि व्यापार सुविधा पर 2024 के ब्रिक्स सिद्धांत पहले ही खाद्य सुरक्षा, पशु-पौध स्वास्थ्य और तकनीकी मानकों से जुड़े सहयोग, एक-दूसरे के मानकों को स्वीकार करने की व्यवस्था, कम व्यापार लागत और डिजिटल व्यापार सुविधा जैसे बुनियादी मुद्दों को मान्यता देते हैं। भारत इस एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए डिजिटल प्रमाणपत्रों, उत्पाद के स्रोत और गुणवत्ता की भरोसेमंद डिजिटल जानकारी, नियामकों के बीच तेज संवाद और उत्पादकों व निर्यातकों की क्षमता निर्माण पर जोर दे सकता है। दूसरी प्राथमिकता मजबूत आपूर्ति श्रृंखला होनी चाहिए। खाद्य व्यापार को उर्वरक, ऊर्जा, पशु आहार, बीज, ढुलाई-भंडारण और वित्त से अलग करके नहीं देखा जा सकता। भारत के लिए यह कोई दूर की चिंता नहीं है। उसके उर्वरक और ऊर्जा आयात का आधे से अधिक हिस्सा ब्रिक्स देशों से आता है। इसलिए उत्पादन सामग्री की सुरक्षा सीधे कृषि की मजबूती से जुड़ी हुई है। पश्चिम एशिया के हालिया संकटों ने दिखाया है कि खाद्य पदार्थों के बाजार तक पहुंचने से बहुत पहले ही उत्पादन प्रभावित हो सकता है। इसलिए ब्रिक्स सहयोग में उर्वरकों और अन्य उत्पादन सामग्री के बाजारों के लिए पूर्व चेतावनी प्रणाली, भंडार और कीमतों पर पारदर्शी जानकारी, और जरूरी कृषि सामग्री की आपूर्ति में अचानक आने वाली रुकावटों को कम करने की व्यवस्था शामिल होनी चाहिए। तीसरी प्राथमिकता बेहतर बाजार जानकारी है। ब्रिक्स अनाज विनिमय का विचार इस बात की जरूरत को दिखाता है कि खाद्य बाजारों में अधिक पारदर्शिता, बेहतर मूल्य संकेत और खाद्य सुरक्षा की तैयारी होनी चाहिए। भारत इस दिशा में ब्रिक्स कृषि अनुसंधान मंच के भीतर कृषि बाजार जानकारी से जुड़ी एक व्यवस्था का प्रस्ताव रख सकता है। यह मंच पहले से ही ज्ञान से कार्य की दिशा में विकसित किया जा रहा है। ऐसी व्यवस्था खाद्य भंडार, फसल की स्थिति, उर्वरक कीमतों, जहाजरानी जोखिमों, खाद्य सुरक्षा और पशु-पौध स्वास्थ्य से जुड़े अलर्ट तथा प्रमुख कृषि जिंसों के रुझानों पर नियमित जानकारी दे सकती है। इससे देश संकट गहराने से पहले ही तैयारी कर सकेंगे।

व्यापार को किसान-केन्द्रित बनाना चौथी प्राथमिकता ऐसी मूल्य श्रृंखलाएं होनी चाहिए जिनमें छोटे किसानों, महिलाओं और युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो। यदि कृषि व्यापार केवल बड़ी मात्रा में अनाज, तेल, चीनी या अन्य जिंसों की खरीद-बिक्री तक सीमित रह गया, तो उससे छोटे किसानों और ग्रामीण परिवारों को सीमित लाभ ही मिलेगा। कृषि-खाद्य प्रणालियों में महिलाओं की भूमिका पर वैश्विक सम्मेलन 2026 से निकली दिल्ली घोषणा ने कृषि-खाद्य व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका, नेतृत्व और भागीदारी को केंद्र में रखा है। भारत इस भावना को ब्रिक्स के कृषि व्यापार एजेंडे में आगे बढ़ा सकता है, ताकि छोटे किसानों, विशेषकर महिला किसानों और ग्रामीण युवाओं को केवल बाजार के लिए उत्पादन करने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें मूल्य श्रृंखलाओं में अधिक प्रभावी भागीदारी का अवसर मिले। इन प्राथमिकताओं का उद्देश्य खाद्य पदार्थों से जुड़े किसी बंद गुट का निर्माण करना नहीं है। इनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कृषि व्यापार एक अनिश्चित दुनिया में खाद्य सुरक्षा, किसानों और उपभोक्ताओं के लिए बेहतर ढंग से काम करे। भारत इस एजेंडा को आकार देने की दृष्टि से सही स्थिति में है क्योंकि उसे खाद्य सुरक्षा के प्रबंधन, छोटे किसानों पर आधारित कृषि, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और कृषि अनुसंधान का खासा अनुभव है। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता इस एजेंडे को व्यावहारिक रूप देने का समय पर मिला अवसर है। छोटे लेकिन सुविचारित कदम भी संकट के समय कृषि व्यापार को अधिक भरोसेमंद, नियमों की दृष्टि से अधिक पारदर्शी और किसानों के लिए अधिक सुलभ बना सकते हैं। यह अधिक मजबूत, भरोसेमंद और किसान-केंद्रित कृषि व्यापार व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले के मुकाबले बेहतर होने वाली है। आमदनी के अच्छे योग बनेंगे। आप सुखद पलों का अनुभव करेंगे। नौकरी में बदलाव के साथ अच्छी ग्रोथ मिलने की संभावना है। आप किसी मांगलिक समारोह में शामिल होंगे। अविवाहित जातकों के लिए आज का दिन खुशखबरी लेकर आने वाला है। कोई बढ़िया रिश्ता आपके लिए आ सकता है।

**वृष राशि** : आपके लिए खुशियों से भरा दिन रहेगा। आज आपको आपकी मेहनत के अच्छे परिणाम मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में आप ऐसे व्यक्तियों से जुड़ेंगे, जिनसे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। जिससे आप आगे तरक्की कर पाएंगे। आपको नौकरी में बड़ा पद प्राप्त हो सकता है। इस समय आपको अपने खर्चों पर काबू रखना चाहिए। इस राशि के जो लोग एजुकेशन सेक्टर से जुड़े हैं उनके लिए ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं।

**मिथुन राशि** : आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आपको कार्यस्थल पर उच्च अधिकारियों से आज प्रशंसा मिलेगी। प्रमोशन के प्रबल योग हैं। आपके वैवाहिक रिश्ते में सुधार आएगा। परिवार के साथ किसी उत्सव में जाएंगे। कुछ विशेष कार्यों में खर्च भी होगा। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क राशि** : आपके लिए आज का दिन सुखद रहेगा। आपको आपकी समस्याओं का समाधान मिलेगा। आपके दांपत्य जीवन में खुशियां रहेंगी। आपके करियर को अच्छी ग्रोथ मिलने के योग हैं। नौकरी में अच्छे अवसर मिलेंगे। कहीं जॉब के लिए अप्लाई किया है, तो आज आपको अच्छी खबर मिलेगी। आपकी संतान को किसी बड़ी प्रतियोगिता में सफलता मिल सकती है। जो लोग अविवाहित हैं उनका विवाह पक्का होगा।

**सिंह राशि** : आपके लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। बिजनेस के क्षेत्र में अच्छे परिणाम मिलेंगे। कुछ मामलों में सावधानी बरतने की भी जरूरत है। आज आप नया प्रोजेक्ट शुरू करेंगे। आज आमदनी बढ़ने के योग बने हुये है। लाभ मिलने से आपका उत्साह दोगुना होगा। आज आप प्रापर्टी खरीदने पर विचार कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि रहेगी। किसी काम के लिए आज आपकी सराहना होगी।

**कन्या राशि** : आपके लिए आज का दिन मिला जुला रहेगा। आप दोस्तों के साथ कहीं यात्रा पर जाएंगे जिससे आपको बहुत खुशी मिलेगी। गवर्नमेंट सेक्टर से आपको कुछ अच्छे लाभ मिल सकते हैं। आज आपके मन में कुछ नए विचार या कंसेप्ट आएंगे। जिससे आप अपने बिजनेस को आगे बढ़ा पाएंगे। साथ ही किसी साइड बिजनेस की बात भी सोच सकते हैं।

**तुला राशि** : आपके लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। अगर आप नया बिजनेस करना चाहते हैं तो आपको आगे बढ़ने का पूरा मौका मिलेगा। दोस्तों का पूरा सपोर्ट रहेगा। वह आपके साथ हर मौके पर खड़े नजर आएंगे। आप किसी नई फिल्ड में भी हाथ आजमाने की कोशिश करेंगे। आप अपने जीवन में अच्छे लोगों को महत्व देंगे।

**वृश्चिक राशि** : आपके लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा। आपको परिवार के बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा। आपके कई रुके हुए काम बनेंगे जिसकी वजह से आपको आर्थिक लाभ के साथ-साथ समाज में अच्छा मान सम्मान मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ किसी लंबी यात्रा पर जाएंगे। आपका मन इस दौरान धार्मिक गतिविधियों में भी लगेगा इससे आपको मानसिक शांति का अनुभव होगा। आपका पारिवारिक माहौल धार्मिक व शांतिपूर्ण रहेगा।

**धनु राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको आपके कार्यक्षेत्र में अच्छी सफलता मिलेगी। आपका कांफिडेंस बढ़ेगा। लेकिन आप अपने व्यवहार को नम्र बनाएं। अपनी पूरी एनर्जी के साथ अपने काम को अच्छी तरह करें। आप अन्य नये क्षेत्रों से भी धन कमाने की कोशिश करेंगे। इसमें आपको सफलता भी मिलेगी।

**मकर राशि** : आज आपके लिए दिन बढ़िया रहेगा। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र में अपनी जगह बनाने के लिए एफर्ट लगाने होंगे। आप बढ़िया गैजेट या मोबाइल खरीदने का मन बनाएंगे। परिवार में किसी धार्मिक कार्य के होने की संभावना बन रही है। गवर्नमेंट सेक्टर में काम करने वाले लोगों को शुभ परिणाम मिलेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी।

**कुंभ राशि** : आज आपका दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आपको व्यवसाय में मनचाही सफलता मिलेगी। कुछ अनुभवी लोगों का अच्छा सहयोग मिलेगा। आपकी आमदनी में अच्छे लाभ की संभावना बन रही है। आप किसी सामाजिक समारोह में शामिल हो सकते हैं। आज आप इन गतिविधियों पर कुछ खर्च भी करेंगे। परिवार में आपसी सौहार्द बना रहेगा।

**मीन राशि** : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। अपने कार्य क्षेत्र में आप अच्छा परफॉर्म करेंगे। अच्छी सफलता मिलने की संभावना है। आपकी आर्थिक स्थिति में अच्छे ग्रोथ की संभावना है। ऑफिशियल कारणों से कहीं दूसरी जगह जाने के योग बन रहे हैं। परिवार में खुशहाली रहेगी। प्रतियोगी परीक्षार्थियों को खुशखबरी मिल सकती है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# इरा एरी भारतीय मूल की ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर, बनीं सोशल मीडिया की नई सनसनी

एजेंसी, नई दिल्ली

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के बीच भारतीय मूल की ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर इरा एरी को लेकर सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है। हालांकि, यह चर्चा उनके क्रिकेटिंग कौशल से अधिक उनकी असाधारण खूबसूरती और करिश्माई व्यक्तित्व को लेकर है। इरा एरी ने ऑस्ट्रेलिया के जूनियर क्रिकेट सर्किट में पहले ही अपनी दमदार छाप छोड़ी है और क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि उन्हें जल्द ही ऑस्ट्रेलियाई महिला सीनियर टीम में खेलने का मौका मिल सकता है। जबकि ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में खिताब की प्रबल दावेदारों में से एक है और उन्होंने टूर्नामेंट में अपनी दमदार शुरुआत भी की है, इसी बीच ऑस्ट्रेलिया की एक युवा जूनियर क्रिकेटर अचानक सोशल मीडिया पर धूम मचाने लगी हैं। इस महिला क्रिकेटर का नाम है इरा एरी, जो अपनी



सुंदरता और खेल दोनों के लिए सुर्खियां बटोर रही हैं। इरा एरी भारतीय मूल की ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं, और उनकी उपस्थिति ने युवा महिला क्रिकेटरों के प्रति प्रशंसकों की रुचि को और बढ़ा दिया है। 17 साल की इरा को अभी तक ऑस्ट्रेलिया की महिला सीनियर टीम में डेब्यू का मौका नहीं मिला है, लेकिन उनकी प्रतिभा और प्रदर्शन को देखते हुए इसकी जल्द ही उम्मीद की जा रही है। वह ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट भविष्य का एक उज्ज्वल सितारा मानी जा रही हैं। बता दें कि इरा इन दिनों अपने खेल से ज्यादा अपनी खूबसूरती को लेकर चर्चा का केंद्र बनी हुई हैं।

सोशल मीडिया पर इरा की कई सारी तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिससे प्रशंसकों के बीच उनकी लोकप्रियता आसमान छू रही है। ऐसे में क्रिकेट फैंस भी यह जानना चाह रहे हैं कि भारतीय मूल की यह ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर कौन हैं, जो मैदान और ऑफ-फील्ड दोनों जगह जलवा बिखेर रही हैं। इरा का जन्म विक्टोरिया के हाइडेलबर्ग में हुआ था। वह एक दाएं हाथ की मीडियम पेसर और कुशल बैटर हैं, जो उन्हें एक बहुमुखी ऑलराउंडर बनाती हैं। इरा ने बहुत छोटी उम्र में ही क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था और जल्द ही अपनी प्रतिभा से सबका ध्यान आकर्षित किया। इरा को ऑस्ट्रेलिया की उभरती हुई महिला क्रिकेटर कहा जा रहा है, और जूनियर टीम में उनके दमदार प्रदर्शन के कारण अब सीनियर टीम में उनके डेब्यू की बात जोर पकड़ रही है।

## वैभव ने लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का विश्व रिकार्ड बनाया

एजेंसी, दांबुला

भारत ए की ओर से खेलते हुए उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने श्रीलंका ए के खिलाफ त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज 2026 के फाइनल मुकाबले में केवल 11 गेंदों पर ही अर्धशतकीय पारी खेलकर लिस्ट-ए क्रिकेट का सबसे तेज अर्धशतक लगाया है।

इस मैच में वैभव ने केवल 11 गेंदों में ही सबसे तेज अर्धशतक लगाकर दो दशक पूराना श्रीलंकाई क्रिकेटर कौशल्या वीरारत्ने का विश्व रिकार्ड तोड़ दिया। वीरारत्ने ने साल 2005-06 में 12 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया था। इस मैच में



15 साल के वैभव ने पहली ही गेंद से ही आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। वैभव ने पहली गेंद पर ही चौका लगा दिया। इसके बाद तो मैदान पर जमकर चौके और छक्के लगे। वैभव ने पारी के पांचवे ओवर में ही छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया, ये कि लिस्ट-ए क्रिकेट के इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक है।अब लिस्ट-ए क्रिकेट के सबसे तेज अर्धशतक की सूची में वैभव सूर्यवंशी नंबर एक पर पहुंच गये हैं। वहीं दूसरे नंबर पर श्रीलंका के कौशल्या वीरारत्ने हैं। उन्होंने 12 गेंद में जबकि एनएलटीसी परेरा ने 13 गेंद में अर्धशतक लगाया था। वहीं रयान क्लेनवेल्ट के नाम 14 गेंद में अर्धशतक का रिकार्ड हैं। वैभव ने विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के अलाव घरेलू क्रिकेट में भी एक नई उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले, लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का भारतीय रिकॉर्ड सरफराज खान के नाम था, जिन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में पंजाब के खिलाफ 15 गेंदों में फिफ्टी जमाई थी। वहीं अब वैभव ने 11 गेंदों में यह कारनामा कर सरफराज को भी पीछे छोड़ दिया है।

## अंधेरे दौर में पत्नी बनीं सहारा, श्रीसंत ने सुनाई संघर्ष और विश्वास की भावुक कहानी

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट के तेज गेंदबाज एस. श्रीसंत का जीवन उतार-चढ़ाव, सफलता, विवाद और संघर्ष से भरी एक ऐसी कहानी है, जो किसी फिल्म की पटकथा से कम नहीं लगती। मैदान पर अपनी आक्रामक गेंदबाजी और जुझारू अंदाज के लिए पहचान बनाने वाले श्रीसंत को वर्ष 2013 में सामने आए आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग मामले ने गहरे संकट में धकेल दिया था। इस विवाद ने न केवल उनके क्रिकेट करियर को प्रभावित किया, बल्कि निजी जीवन में भी उन्हें कठिन मानसिक परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में श्रीसंत ने उस दौर को याद करते हुए बताया कि उनकी पत्नी भुवनेश्वरी कुमारी का साथ ही उन्हें टूटने



से बचा सका। वर्ष 2013 में आईपीएल के दौरान दिल्ली पुलिस ने श्रीसंत को अजीत चंडीला और अंकित चव्हाण के साथ स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसके बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने उन पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया, जबकि उनकी टीम राजस्थान रॉयल्स ने भी उनसे दूरी बना ली। अचानक आए इस संकट ने श्रीसंत को मानसिक रूप से बेहद कमजोर कर दिया। उन्होंने स्वीकार किया कि जेल में बिताए गए दिनों के दौरान कई बार उनके मन में जीवन समाप्त करने जैसे विचार भी आए। श्रीसंत ने बताया कि ऐसे कठिन समय में उनकी तत्कालीन प्रेमिका और वर्तमान पत्नी भुवनेश्वरी ने उन्हें लगातार हिम्मत दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2010 में उन्होंने भुवनेश्वरी से वादा किया था कि यदि भारत 2011 का एकदिवसीय विश्व कप जीतता है तो वे उनसे विवाह करेंगे। यही वादा और उनके प्रति जिम्मेदारी का भाव उन्हें हर मुश्किल घड़ी में संभालता रहा। उन्होंने अपनी प्रेम कहानी का भी जिक्र किया। पहली मुलाकात एक विद्यालय कार्यक्रम में हुई थी, जहां वे मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे। इसके बाद दोनों की कई मुलाकातें हुईं और समय के साथ उनका रिश्ता मजबूत होता गया। दिलचस्प बात यह रही कि उनकी सगाई उस समय हुई जब वे जमानत पर जेल से बाहर आए थे। इससे पहले वर्ष 2012 में भी श्रीसंत गंभीर स्वास्थ्य समस्या से जूझ चुके थे। पैर के अंगूठे की सर्जरी के बाद डॉक्टरों ने उन्हें स्थायी शारीरिक नुकसान की आशंका जताई थी। उस समय भी भुवनेश्वरी और उनके परिवार ने उनका साथ नहीं छोड़ा। लंबे कानूनी संघर्ष के बाद प्रतिबंध समाप्त हुआ और श्रीसंत ने घरेलू क्रिकेट में वापसी की। हालांकि वर्ष 2022 में उन्होंने क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उनकी कहानी इस बात का उदाहरण है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में परिवार और सच्चे रिश्तों का साथ इंसान को फिर से खड़ा होने की ताकत दे सकता है।

## भुवनेश्वर कुमार की स्विंग से प्रेरित नंदिनी शर्मा

### महिला टी-20 विश्व कप में भारत की तेज गेंदबाजी की नई उम्मीद

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उभरती हुई तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा ने महिला टी-20 विश्व कप 2026 में नीदरलैंड्स के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए भारत को शुरुआती सफलताएं दिलाईं, जिससे उनकी प्रतिभा और भविष्य की उम्मीदों पर सबका ध्यान केंद्रित हो गया है। इस बड़े टूर्नामेंट में नंदिनी भारत के लिए एक अहम भूमिका निभा सकती हैं, और यह कहना गलत नहीं होगा कि अगर भारत को महिला टी-20 विश्व कप जीतना



है तो नंदिनी सहित अन्य भारतीय गेंदबाजों को लगातार बेहतर प्रदर्शन करना होगा। हाल ही में एक इंटरव्यू में, नंदिनी शर्मा ने भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को अपना आदर्श बताया और उनसे बहुत कुछ सीखने की इच्छा भी जाहिर की है। आईसीसी द्वारा साझा किए गए एक साक्षात्कार में, नंदिनी शर्मा से जब पहला सवाल पूछा गया कि उन्होंने किस क्रिकेटर को कॉपी करने का प्रयास किया था, तो उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के भुवनेश्वर कुमार का नाम लिया। नंदिनी ने कहा कि उन्होंने भुवनेश्वर कुमार को मुख्य रूप से उनकी स्विंग गेंदबाजी के लिए कॉपी करने का प्रयास किया था, क्योंकि वह बहुत अच्छा स्विंग कराते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे कभी भुवनेश्वर कुमार से मिली हैं, तो उन्होंने ना में जवाब दिया, लेकिन तुरंत मिलने की इच्छा व्यक्त करते हुए कहा कि अगर मुझे उनसे मिलने का मौका मिलेगा तो मैं पूछूंगी कि इतना अच्छा स्विंग कैसे कराते हैं, मुझे आप टिप्स दीजिए। यह दर्शाता है कि नंदिनी अपनी गेंदबाजी में सुधार के लिए कितनी उत्सुक हैं और अपने आदर्श से प्रेरणा लेने के लिए तत्पर हैं।

## बिजनेस

# प्राइमरी मार्केट में इस सप्ताह रहेगी हलचल, आठ कंपनियों के आईपीओ की लॉन्चिंग

### 6 कंपनियों के शेयर लिस्टिंग के जरिये स्टॉक मार्केट में करेंगे एंट्री

एजेंसी, नई दिल्ली

सोमवार यानी 22 जून से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में अच्छी हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह आठ कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। इनमें तीन कंपनियों के आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट के हैं, जबकि शेष पांच आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह सब्सक्रिप्शन के लिए खुले चार आईपीओ में भी 22 और 23 जून तक बोली लगाई जा सकती है। जहां तक नई लिस्टिंग की बात है तो इस सप्ताह छह कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं। ये सभी कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन 23 जून को एडविट ज्वेल्स का 165.16 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस



इश्यू में 25 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 130 रुपये प्रति शेयर से लेकर 138 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 100 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 01 जुलाई को बीएसई और एनएसई पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। 23 जून को ही वाटरवेज लीजर टूरिज्म का 585 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 25 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 769 रुपये प्रति शेयर से लेकर 808 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 18 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद एक जुलाई को बीएसई और एनएसई पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इसी दिन श्रीधर स्पिनर्स का 30.68 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस इश्यू में भी 25 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 51 रुपये प्रति शेयर से लेकर 53 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 01 जुलाई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इन तीनों आईपीओ के अलावा इसी दिन जीवियल इंडस्ट्रीज का 31.99 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में भी 25 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 196 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 600 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 01 जुलाई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इसके अगले दिन 24 जून को सीएसएम टेक्नोलॉजीज का 145.78 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 29 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 107 रुपये प्रति शेयर से लेकर 113 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 132 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद दो जुलाई को बीएसई और एनएसई पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। 24 जून को ही धनवेल हाइब्रिड सीड्स का 26.73 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में भी 29 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 95 रुपये प्रति शेयर से लेकर 99 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद दो जुलाई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है।

## वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद अप्रैल से 14 जून तक निर्यात 15 फीसदी बढ़ा : गोयल

### कहा, भारत-ईयू व्यापार समझौते पर दिसंबर तक हस्ताक्षर, अगले वर्ष फरवरी-मार्च से होगा लागू

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद चालू वित्त वर्ष 2026-27 में अप्रैल से 14 जून तक देश के माल निर्यात में लगभग 15 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। मई में भारत का निर्यात 18 फीसदी बढ़कर 45.2 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया, जो छह महीने का उच्चतम स्तर है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने मुंबई में योग दिवस के अवसर पर 'चार्टर्ड अकाउंटेंट्स' के साथ संवाद के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि 50 फीसदी अमेरिका शुल्क लगाए जाने के बावजूद पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के निर्यात में मजबूत वृद्धि हुई है। अगर हम अप्रैल और मई के पूरे महीनों के साथ ही जून के 14 दिन के उपलब्ध आंकड़ों की बात करें, तो इसमें निर्यात में



15 फीसदी की वृद्धि रही है। इसी अवधि में व्यापार घाटा बढ़कर 28.21 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। गोयल ने संबोधन के दौरान 'चार्टर्ड अकाउंटेंट्स' से विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि भारत और 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर दिसंबर तक हस्ताक्षर किए जाएंगे और इसके अगले वर्ष फरवरी-मार्च के दौरान लागू होने की संभावना है। इस वर्ष 27 जनवरी को भारत और यूरोपीय संघ ने वार्ताओं के समापन की घोषणा की थी। वाणिज्य मंत्रालय जून माह के निर्यात-आयात संबंधी आधिकारिक आंकड़े 15 जुलाई को जारी करेगा। मंत्रालय के जारी आंकड़ों में अप्रैल-मई 2026-27 के दौरान देश का निर्यात 16.09 फीसदी बढ़कर 88.91 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि आयात 15.14 फीसदी की वृद्धि के साथ 145.35 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में व्यापार घाटा 56.44 अरब डॉलर दर्ज किया गया।

## ओडिशा से ऑस्ट्रिया को सूखे साबुत अंडे के पाउडर की पहली खेप रवाना

एजेंसी, नई दिल्ली

यूरोपीय बाजार में देहरादून की लीची के बाद अब ओडिशा के सूखे साबुत अंडे के पाउडर ने भी दस्तक दे दी है। ओडिशा के बलांगीर जिले से ऑस्ट्रिया के लिए सूखे साबुत अंडे के पाउडर की पहली निर्यात खेप रवाना की गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाला कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के सहयोग से ओडिशा के बलांगीर जिले से ऑस्ट्रिया के लिए सूखे साबुत अंडे के पाउडर की पहली व्यावसायिक खेप का



एपीडा
APEDA

सफलतापूर्वक निर्यात किया गया। मंत्रालय ने कहा कि 22.6 मीट्रिक टन सूखे साबुत अंडे के पाउडर वाले एक्सपोर्ट कंसाइनमेंट को एपीडा के चेयरमैन अभिषेक देव ने वर्चुअली हरी झंडी दिखाई है। इस अवसर पर ओडिशा सरकार के मत्स्य पालन और पशु संसाधन विकास विभाग के कमिश्नर-सह-सेक्रेटरी प्रेम चंद और बालांगीर के कलेक्टर और डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट गौरव शिवाजी इसलवार मौजूद रहे। इसके अलावा एक्सपोर्ट करने वाली कंपनी के प्रतिनिधि और एपीडा के सीनियर अधिकारी और अन्य स्टेकहोल्डर्स ने भी इसमें हिस्सा लिया।

## एनएमडीसी ने डोनीमलाई कॉम्प्लेक्स में विस्तार और डिजिटलाइजेशन पहलों की समीक्षा की

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** एनएमडीसी लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंधन ने डोनीमलाई कॉम्प्लेक्स का दौरा किया। इस दौरान इसके परिचालन दक्षता को मजबूत करने, जिम्मेदार खनन प्रथाओं को बढ़ावा देने और कर्मचारियों तथा आसपास के समुदायों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के उद्देश्य से कई रणनीतिक पहलों की समीक्षा की गई। इस्पात मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि एनएमडीसी के प्रबंधन को डोनीमलाई कॉम्प्लेक्स के इस दौरे से प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति का आकलन करने का अवसर मिला, जो डोनीमलाई को भविष्य के लिए तैयार खनन परिसर में बदलने में मदद कर रही है। इसके साथ ही एनएमडीसी को भारत के सबसे बड़े और जिम्मेदार लौह अयस्क उत्पादक के रूप में सुस्थापित करती है। मंत्रालय ने कहा कि इस अवसर पर एनएमडीसी के सीएमडी अमिताभ मुखर्जी ने कार्यपालक निदेशकों के साथ मिलकर हाल ही में विकसित बुनियादी ढांचागत सुविधाओं का उद्घाटन किया, जिनमें हाई-राइज टावर शामिल हैं, जो कर्मचारी कल्याण और सामुदायिक विकास के प्रति एनएमडीसी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस दौरान प्रबंधन ने कुमारस्वामी खदान से 10 एमटीपीए और डोनीमलाई कॉम्प्लेक्स से 17 एमटीपीए के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से चल रही क्षमता-विस्तार और बुनियादी ढांचे के विकास की पहलों की समीक्षा की।

## घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख, सोना और चांदी ने लगाई छलांग

- साप्ताहिक आधार पर 3,000 रुपये तक सस्ता हुआ सोना

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली तेजी का रुख बना हुआ है। भाव में आए उछाल के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 210 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 230 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चेन्नई में सोने के भाव में आज 310 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 340 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आ गई है। चांदी के भाव में भी आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम



की सांकेतिक मजबूती दर्ज की गई है। भाव में आई तेजी के कारण आज देश के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,46,080 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,48,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। 22 कैरेट सोना आज 1,33,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,36,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी सांकेतिक तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। आज सोने के भाव में तेजी आने के बावजूद साप्ताहिक आधार पर देखा जाए, तो सोना और चांदी दोनों धातुओं के भाव में गिरावट आई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोना तीन हजार रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। इसी तरह 22 कैरेट सोने के भाव में साप्ताहिक आधार पर 2,750 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई। चांदी के भाव में भी उतार चढ़ाव के बावजूद पिछले सप्ताह के कारोबार में कमजोरी दर्ज की गई। इस गिरावट के कारण चांदी का भाव सप्ताहिक आधार पर 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक नीचे आ गया।

फिल्म

धनुष की फिल्म का टाइटल अनाउंस, ओम चैप्टर 1-उधिरमः

# द ब्लड वुड फर्स्ट लुक भी आया सामने, 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी मूवी

सा साउथ सुपरस्टार धनुष पिछले लंबे समय से अपनी अपकमिंग फिल्म डी55 को लेकर चर्चा में हैं. इस फिल्म के डायरेक्टर राजकुमार पेरियासामी हैं. ये दोनों की साथ में पहली फिल्म है. दर्शक इस एक्शन ड्रामा का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. अब फाइलनी धनुष की फिल्म डी55 का टाइटल अनाउंस हो गया है. इसके साथ मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है. चलिए जानते हैं ये फिल्म कब रिलीज होगी. धनुष की अपकमिंग फिल्म का नाम ओम चैप्टर 1- उधिरमः द ब्लड वुड है. फिल्म से एक्टर का फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है, जिसमें उनका धांसू अवतार देखने को मिल रहा है. इस लुक में वो दमदार, इंटेंस और रॉ एक्शन वाइब दे रहे हैं. बारिश के बीच खड़े धनुष का पूरा अंदाज काफी डार्क और पावरफुल दिख रहा है. ब्लैक शर्ट और जीन्स में धनुष का भीगा हुआ लुक इसे और ज्यादा एग्रेसिव बना रहा है. एक हाथ में बंदूक और दूसरे हाथ में कुल्हाड़ी थामे धनुष का ये अवतार बेहद खतरनाक और एक्शन से भरपूर नजर आ रहा है. ये फिल्म हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज होगी. ओम चैप्टर 1- उधिरमः द ब्लड वुड दो पार्ट में रिलीज होगी और इसका पहला पार्ट 16 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है. इस फिल्म को खुद धनुष प्रोड्यूस कर रहे हैं. फिल्म का म्यूजिक साई अभ्यंकर ने तैयार किया है. धनुष के अलावा इस फिल्म में ममूटी, साई पल्लवी और श्रीलीला जैसे एक्टर्स नजर आएंगे. फिल्म में एक्शन के साथ-साथ सस्पेंस भी देखने को मिलेगा.





# अब होगा हिसाब की शूटिंग के दौरान घर जैसा महसूस हुआ, एक्ट्रेस निमरत कौर ने बताया अनुभव

अ अभिनेत्री निमरत कौर अहलूवालिया इन दिनों अपनी आने वाली सीरीज अब होगा हिसाब को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वहपंजाब की लड़की का किरदार निभा रही है। इस सीरीज की शूटिंग के दौरान उन्हें कैसा महसूस हुआ, इस पर उन्होंने खुलकर बात की। निमरत कौर अहलूवालिया ने कहा, इस सीरीज में मैं पंजाब की लड़की का किरदार निभा रही हूं। चूंकि मैं खुद भी पंजाबी हूं, इसलिए शूटिंग के दौरान मुझे हर चीज काफी जानी-पहचानी लगी। पंजाब की भाषा, वहां के लोग और वहां की संस्कृति मेरे लिए कुछ भी नई नहीं थी। यही वजह रही कि किरदार निभाते समय मुझे किसी तरह का दबाव महसूस नहीं हुआ और मेरा प्रदर्शन स्वाभाविक रूप से सामने आया। अभिनेत्री ने कहा, शूटिंग के पहले दिन से ही मुझे ऐसा महसूस हो रहा था, जैसे मैं किसी सेट पर नहीं बल्कि अपने घर में हूं। आसपास का माहौल और लोगों से बातचीत के चलते मैं जल्दी ही उस वातावरण में घुल-मिल गईं। मेरा मानना है कि जब कलाकार अपने माहौल से जुड़ा हुआ महसूस करता है, तो उसका असर सीधे उसके अभिनय पर दिखता है। इसी वजह से मैं अपने किरदार में ज्यादा सहज और वास्तविक महसूस कर पाईं। निमरत कौर ने कहा, इस प्रोजेक्ट में मुझे सबसे बड़ी राहत इस बात की थी कि मुझे किसी नई जगह या नई संस्कृति में खुद को ढालने की जरूरत नहीं पड़ी। मैं बिना किसी दबाव के सीधे किरदार की भावनाओं पर ध्यान दे सकी और मैंने पूरी तरह से कहानी में खुद को डूबो दिया।



सीरीज की शूटिंग के अनुभव को याद करते हुए उन्होंने बताया, इस पूरे सफर को खास बनाने में डायरेक्टर का बड़ा योगदान रहा। डायरेक्टर ने सेट पर ऐसा माहौल तैयार किया जिसमें हर कलाकार खुद को सहज महसूस कर सके। खासकर जब कहानी भावनात्मक रूप से भारी हो, तब एक सकारात्मक माहौल होना बहुत जरूरी होता है। अभिनेत्री निमरत कौर ने कहा, पूरी टीम के बीच मजबूत तालमेल था। हर कोई एक-दूसरे के साथ मिलकर काम कर रहा था। मेरे को-स्टार संजय कपूर के साथ काम करना भी मेरे लिए एक खास अनुभव रहा। वह भी मेरी तरह पंजाबी हैं, इसलिए हमारा अलग ही बॉन्ड था। शूटिंग के दौरान हमने खूब सारी बातचीत और हंसी-मजाक किया।

अभिनेत्री ने पंजाब के स्थानीय लोगों की तारीफ करते हुए कहा, यहां के लोगों ने हमें बहुत प्यार दिया। कई बार स्थानीय परिवारों ने शूटिंग यूनिट के लिए अपने घर का बना खाना भेजा। जब लोग इस तरह से दिल से स्वागत करते हैं, तो शूटिंग टीम खुद को बाहरी नहीं, बल्कि उसी समुदाय का हिस्सा महसूस करने लगती है।



# अर्जुन सर्जा की ब्लास्ट अब ओटीटी पर मचाएगी धमाल रिलीज डेट हुई अनाउंस

अ अर्जुन सर्जा की हालिया रिलीज फिल्म 'ब्लास्ट ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार परफॉर्म किया है. वहीं फैंस इसके डिजिटल प्रीमियर का भी इंतजार कर रहे हैं.फाइनली अब मेकर्स और स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म ने फ़िल्म की डिजिटल रिलीज़ की ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी है. जानते हैं ये फिल्म ओटीटी पर कब और कहां स्ट्रीम करेगी? अर्जुन सर्जा, अभिरामी और प्रीति मुकुंदन स्टारर एक्शन ड्रामा ब्लास्ट साल 2026 की सरप्राइज़ हिट फ़िल्मों में से एक साबित हुई है. एक्शन, फैमिली इमोशनंस और सोशल थीम के ब्लेंड वाली ब्लास्ट ने तमिल और तेलुगु दोनों बाज़ारों में दर्शकों का दिल जीत लिया. वहीं थिएटर में मिली सफलता और बॉक्स ऑफ़िस पर शानदार परफॉर्म करने के बाद अब यह फ़िल्म ऑनलाइन स्ट्रीम होने जा रही है. मेकर्स द्वारा की गई अनाउंसमेंट के मुताबिक ब्लास्ट 25 जून से ओटीटी के दिग्गज प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी. यह फ़िल्म कई भाषाओं में रिलीज़ होगी, जिससे यह दुनिया भर के दर्शकों के लिए अवेलेबल हो जाएगी. अर्जुन सर्जा की एक्शन एंटरटेनर ब्लास्ट तीसरे हफ्ते में भी बॉक्स ऑफ़िस पर लगातार अच्छा परफॉर्म कर रही है.



उम्मीद के मुताबिक वीकडेज में इसकी कमाई थोड़ी कम हुई है, लेकिन फ़िल्म थिएटर में मज़बूती से टिकी हुई है., इसकी कामयाबी ने इसे इस सीज़न की अहम तमिल फ़िल्मों में से एक बना दिया है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्लास्ट ने भारत में 19वें दिन (तीसरे सोमवार) 0.93 करोड़ रुपये की नेट कमाई की. फ़िल्म ने वीकेंड पर ज़बरदस्त कमाई की थी जिसमें 17वें दिन 2.26 करोड़ रुपये और 18वें दिन 2.65 करोड़ रुपये शामिल हैं. फिलहाल इस फिल्म भारत में कुल नेट कलेक्शन 47.58 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि इसका ग्रॉस कलेक्शन 54.70 करोड़ रुपये है. ब्लास्ट ने घरेलू मार्केट के अलावा इंटरनेशनल मार्केट में भी अच्छे आंकड़े दर्ज किए हैं. फ़िल्म ने ओवरसीज में 14.05 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया है, जिससे पता चलता है कि विदेशी दर्शकों से इसे अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. घरेलू और इंटरनेशनल कलेक्शन को मिलाकर फ़िल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 68.75 करोड़ रुपये से ज़्यादा हो गया है.

# जैकलीन फर्नांडीज अपनी पहली पूर्ण हॉरर फिल्म में आएंगी नजर; इस महीने शुरू होगी शूटिंग

फ फर्नांडीज जल्द ही अपनी पहली पूर्ण हॉरर फिल्म के साथ इस शैली में कदम रखने जा रही हैं। अभिनेत्री काफी समय से इस जॉनर में एक मजबूत और अलग कहानी की तलाश में थीं और अब उन्हें ऐसा प्रोजेक्ट मिल गया है जिसने उन्हें बेहद उत्साहित कर दिया है।सूत्रों के अनुसार, यह फिल्म हॉरर, इमोशन और म्यूजिक का बेहतरीन मिश्रण होगी, जो दर्शकों को एक संपूर्ण सिनेमाई अनुभव देगी। फिल्म में जैकलीन मुख्य भूमिका निभाएंगी, जबकि दो मेल एक्टर्स को पहले ही फाइनल किया जा चुका है। फिलहाल फिल्म का टाइटल, अन्य कलाकारों के नाम और निर्देशक की जानकारी गुप्त रखी गई है।इस फिल्म का निर्माण ख्याति मदान के बैनर नॉट आउट एंटरटेनमेंट के तहत बड़े स्तर पर किया जाएगा। फिल्म की आधिकारिक घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है।सूत्रों का यह भी कहना है कि फिल्म का एक टीज़र और एक गाना पहले ही शूट किया जा चुका है, जबकि कलाकार इन दिनों वर्कशॉप्स में हिस्सा ले रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस महीने के अंत तक शुरू होने की संभावना है।दिलचस्प बात यह है कि जैकलीन इससे पहले भूत पुलिस में नजर आ चुकी हैं, लेकिन वह एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म थी। यह नई फिल्म उनके करियर की पहली पूरी तरह हॉरर फिल्म होगी।वर्क फ्रंट की बात करें तो जैकलीन हाल ही में हाउसफुल 5 में नजर आई थीं और अब वह वेलकम टू द जंगल में दिखाई देंगी, जो 26 जून 2026 को रिलीज होने वाली है।फिल्म से जुड़ी और अपडेट्स के लिए बने रहिए।



# घर पर बनाई जा सकती हैं ये 5 बॉडी पॉलिश, शरीर की सफाई में आएंगी काम

बॉ बॉडी पॉलिश का इस्तेमाल त्वचा को साफ और मुलायम बनाने के लिए किया जाता है। यह त्वचा की गहराई तक सफाई करने के साथ ही मृत त्वचा को हटाने में मदद करती है। हालांकि, बाजार से बॉडी पॉलिश खरीदना महंगा पड़ सकता है। ऐसे में आप घर पर ही कुछ मिनटों में बॉडी पॉलिश बना सकते हैं। आइए आज हम आपको 5 तरह की बॉडी पॉलिश बनाने का आसान तरीका बताते हैं।

सामग्रीः काली चायपत्ती (एक बड़ा चम्मच), जैतून का तेल (एक बड़ा चम्मच), शहद (एक छोटा चम्मच) और नींबू के तेल की कुछ बूंदें। बॉडी पॉलिश बनाने का तरीकाः सबसे पहले एक कटोरी में चायपत्ती को जैतून के तेल के साथ मिलाएं। फिर इसमें शहद और नींबू के तेल की बूंदें डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इस मिश्रण को पूरे शरीर पर लगाएं और 15 मिनट के बाद गुनगुने पानी से धो लें।



सामग्रीः काली चायपत्ती (एक बड़ा चम्मच), चीनी (एक बड़ा चम्मच), जैतून का तेल (एक बड़ा चम्मच), शहद (एक छोटा चम्मच) और गुलाब जल की कुछ बूंदें। बॉडी पॉलिश बनाने का तरीकाः सबसे पहले एक कटोरी में चायपत्ती और चीनी को मिलाएं। फिर इसमें जैतून का तेल, शहद और गुलाब जल डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इस मिश्रण को पूरे शरीर पर लगाएं और 15 मिनट के बाद गुनगुने पानी से धो लें।

सामग्रीः बादाम का पाउडर (2 बड़े चम्मच), नारियल का तेल (2 बड़े चम्मच), नींबू के तेल की कुछ बूंदें और गुलाब जल की कुछ बूंदें। बॉडी पॉलिश बनाने का तरीकाः सबसे पहले बादाम के पाउडर और नारियल के तेल को एकसाथ मिलाएं, फिर इसमें नींबू के तेल की कुछ बूंदें डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को पूरे शरीर पर लगाएं और 15 मिनट के बाद गुनगुने पानी से धो लें।

सामग्रीः कॉफी पाउडर (2 बड़े चम्मच), नारियल का तेल (2 बड़े चम्मच), भूरी चीनी (एक बड़ा चम्मच), शहद (एक छोटा चम्मच) और गुलाब जल की कुछ बूंदें। बॉडी पॉलिश बनाने का तरीकाः सबसे पहले कॉफी पाउडर, ब्राउन शुगर और नारियल का तेल एकसाथ मिलाएं, फिर इसमें शहद और गुलाब जल की कुछ बूंदें डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को पूरे शरीर पर लगाएं और 15 मिनट के बाद गुनगुने पानी से धो लें।

### ओट्स और दूध की बॉडी पॉलिश

सामग्री : ओट्स का पाउडर (2 बड़े चम्मच), दूध (2 बड़े चम्मच), जैतून का तेल (एक बड़ा चम्मच), शहद (एक छोटा चम्मच) और गुलाब जल की कुछ बूंदें। बॉडी पॉलिश बनाने का तरीका : सबसे पहले ओट्स के पाउडर को दूध के साथ मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें, फिर इसमें जैतून का तेल और शहद डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को पूरे शरीर पर लगाएं और 15 मिनट के बाद गुनगुने पानी से धो लें।

# पेद्दी की रफ्तार पड़ी सुस्त, रिलीज के 15वें दिन किया सबसे कम कलेक्शन

रा राम चरण की फिल्म पेद्दी बॉक्स ऑफ़िस पर अपने तीसरे हफ्ते में है और अब इसकी कमाई की रफ्तार काफी धीमी पड़ गई है और ये तीन करोड़ का कलेक्शन भी नहीं कर पा रही है. हालांकि यह स्पोर्ट्स-एक्शन ड्रामा 2026 की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फ़िल्मों में से एक बनी हुई है, लेकिन शुरुआती हफ्ते और दूसरे वीकेंड में हुई ज़बरदस्त कमाई के मुकाबले दूसरे हफ्ते के वीकडेज में इसकी कमाई में काफ़ी गिरावट आई है. चलिए यहां जानते हैं इस फिल्म ने रिलीज के 15वें दिन यानी तीसरे गुरुवार को कितना कलेक्शन किया है?

बुची बाबू सना निर्देशित पेद्दी ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक परफार्म किया है लेकिन ये बंपर कमाई नहीं कर पाई है. अब ये रिलीज के तीसरे वीक में एंट्री कर चुकी है और इसकी रफ्तार भी सुस्त पड़ती जा रही है. इन सबके बीच शुक्रवार से फ़िल्म के थिएट्रिकल वर्जन में में लगभग छह मिनट के नए



सीन जोड़े जाएंगे. मेकर्स को उम्मीद है कि ऐसा होने से तीसरे वीकेंड से पहले दर्शकों की संख्या बढ़ सकती है. वहीं फिल्म के कलेक्शन की बात करे तो सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक पेद्दी ने रिलीज के 15वें दिन यानी तीसरे फ्राइडे को 2 करोड़ कमाए हैं. इसी के साथ पेद्दी की 15 दिनों की कुल कमाई अब 228 करोड़ रुपये हो गई है. सिनेमा हॉल में फिल्म देखने के एक्सपीरियंस को और बेहतर बनाने के लिए, मेकर्स ने हाल ही में घोषणा की कि शुक्रवार से फिल्म में कुछ और सीन जोड़े जाएंगे. एक नया पोस्टर शेयर करते हुए टीम ने लिखा, पेद्दी का अनुभव और बेहतर होने वाला है. कल से सिनेमाघरों में फिल्म में 5 मिनट 56 सेकंड के नए सीन जोड़े जाएंगे. यह कदम तीसरे वीकेंड से पहले उठाया गया है. इससे फ़िल्म को दोबारा देखने वाले फ़ैन्स की संख्या बढ़ सकती है और साथ ही ऐसे दर्शक भी आकर्षित हो सकते हैं जिन्होंने अभी तक फ़िल्म नहीं देखी है। आने वाला वीकेंड पेद्दी के लिए बहुत अहम होगा. यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या नए जोड़े गए सीन से कलेक्शन में सुधार होता है और फ़िल्म को बॉक्स ऑफ़िस पर नई रफ़्तार मिलती है. बुची बाबू सना के निर्देशन में बनी पेद्दी में राम चरण के साथ जाह्नवी कपूर, शिवा राजकुमार और जगपति बाबू मुख्य भूमिकाओं में हैं. यह फ़िल्म एक ग्रामीण की कहानी है जो निजी चुनौतियों का सामना करते हुए पैरा-एथलीट बनता है और अपनी कम्यूनिटी के विकास के लिए संघर्ष करता है.

# Won't back off until Pradhan resigns

## CJP protests overnight at Delhi's Jantar Mantar



**NEW DELHI, Agency**: The Cockroach Janta Party (CJP) intensified its agitation over the NEET-UG paper leak controversy, with party founder Abhijeet Dipke and supporters staging an overnight sit-in at Delhi's Jantar Mantar and vowing not to end the protest until Union education minister Dharmendra Pradhan resigns. The demonstration entered its second day on Sunday despite Delhi Police directing protesters to vacate the venue after the expiry of their permitted protest hours on Saturday evening. Overnight protest despite police warning

The protest, which began on Saturday afternoon, continued through the night as demonstrators remained at Jantar Mantar, raising slogans and demanding accountability over the alleged paper leak. Delhi Police had informed protesters that permission for the gathering was valid only between 10am and 5pm and warned that continuing beyond the approved hours could invite legal action.

Despite the warning, Dipke and his supporters refused to leave the site, turning the demonstration into an overnight sit-in. Throughout the night, supporters remained at the venue while Dipke repeatedly addressed the gathering and urged more people to join the movement.

During the protest, participants alleged that access to basic amenities had been restricted. According to the protesters, lights at the venue were switched off and access to water, food and washrooms was curtailed.

Dipke appealed to authorities to restore water supply to public restrooms, claiming there had been no water availability since Saturday night. Protesters later said that drinking water services were restored and lights were switched back on. I request the authorities not to cut off the water supply to the restrooms at the Jantar Mantar protest site. Since last night there's no water supply at the public restrooms," he said in a post on X. In a series of posts on social media, Dipke also urged police not to stop supporters from reaching Jantar Mantar, insisting that the protest remained peaceful and focused on seeking justice for students affected by the controversy. At the heart of the agitation is the demand for the resignation of Union Education Minister Dharmendra Pradhan. Dipke has accused the government of failing to ensure accountability over alleged examination irregularities and has maintained that fixing responsibility is essential for restoring public confidence in the examination system.

# Can yoga help age better Why healthy ageing is the theme of Yoga Day 2026



**Healthy ageing, Agency:** Conditions like heart disease and diabetes rarely strike without warning. They build up silently over years, often shaped by everyday choices around activity, rest and stress management.

Yet doctors note that lifestyle diseases that once arrived in middle age are now showing up far earlier. A combination of poor eating habits, excessive screen exposure, mounting stress and sedentary routines is affecting people well before they reach their 40s. Obesity, diabetes, hypertension, heart disease and anxiety are increasingly common among those still in their 20s and 30s, many of whom spend long hours at desks with little physical movement.

It is precisely in this context that yoga has found renewed relevance. It requires no equipment, no elaborate setup and no special skill to begin. Only consistency and a willingness to make time for it.

Part of its value lies in how it interacts with the body's hormonal system. Persistent stress drives up cortisol levels, which in turn can trigger insulin resistance, weight gain, thyroid imbalance and broader metabolic disruption. Research indicates that yoga can lower cortisol levels by 20-30%, helping to stabilize blood sugar and improve the body's sensitivity to insulin. For people living with diabetes, consistent practice has been linked to measurable improvement in long-term blood sugar markers such as HbA1c (Hemoglobin A1C).

A study titled 'Exploring The Intersection Of Yoga And Modern Science,' published in the African Journal of Biomedical Research, examined how yoga aligns with contemporary scientific understanding of wellness, concluding that the practice offers practical guidance for improving both physical and mental health. The study's author called for further research into methodological gaps and yoga's long-term role within formal healthcare settings.

"Yoga can definitely support health ageing by preserving the flexibility, balance, muscle strength, and joint mobility which are essential for independence in the early life," said Bangalore's SPARSH Hospital consultant Dr Shreevathsa Upadhyaya. "Regular practice of yoga helps to improve posture, and even reduce fall risk. The meditative element of yoga even supports sleep and control stress as well. When yoga is combined with a healthy diet then it becomes very gentle and even improve quality of life."

As lifestyle-related illnesses become more widespread, several of the most common ones appear to respond positively to a sustained yoga practice.

# 'We are all grateful to PM Modi': Top ministers, CMs perform yoga across India



**NEW DELHI, Agency**: Prime Minister Narendra Modi on Sunday led International Yoga Day celebrations from Kolkata's Red Road. He joined thousands of people in a mass yoga session and described June 21 as the day of the "world's largest collective celebration."


Several Union ministers, chief ministers and senior leaders also participated on Yoga Day events across the country.

Union home minister Amit Shah performed yoga in Ahmedabad, while defence minister Rajnath Singh joined celebrations in Shillong along with Chief of Air Staff Air Chief Marshal AP Singh.

External affairs minister S Jaishankar participated in a yoga session with thousands of people in Delhi.

Union finance minister Nirmala Sitharaman and Assam chief minister Himanta Biswa Sarma took part in Yoga Day celebrations in Guwahati. Maharashtra chief minister Devendra Fadnavis joined a yoga event in Mumbai, while Uttar Pradesh chief minister Yogi Adityanath participated in a programme at Jhansi Fort Ground. Speaking at the event in Jhansi, Yogi credited Prime Minister Modi for taking yoga to the global stage. We are all grateful to Prime Minister Narendra Modi, who has given global recognition to India's traditions and heritage, and has presented a vision for all of us, enabling 140 crore Indians to move forward with pride in the world, and to realise the vision of Viksit Bharat," Yogi said.

# UK detains Indian captain of sanctioned ship, family in Uttarakhand pleads for release



**NEW DELHI, Agency**: The Indian captain of a sanctioned Russian shadow-fleet oil tanker intercepted by British armed forces while crossing the English Channel en route from Russia to India has been arrested in the UK and appeared in court charged with breaching sanctions, even as his family in Uttarakhand appealed to the Indian govt to secure his safe return. Ajay Pant, 38, a resident of Nainital, appeared via video link at Southampton magistrates' court from Bournemouth PS on June 16, charged with "directly or indirectly supplying or delivering prohibited Russian oil from Russia to a third country by ship, in contravention of Regulation 46Z9B of Russia (Sanctions) (EU Exit) Regulations 2019."

His solicitor, James Diamond, told the court: "It was not his choice as to where this vessel was going or the cargo this vessel was carrying. He was simply following orders from those in the corporation. He is just an employee doing his job who now finds himself before a British court."

Prosecutor Varun Chuni said Royal Marines and National Crime Agency boarded MV Smyrtos on June 14 after it entered UK territorial waters without a legitimate flag. Pant, identified as the vessel's master, was arrested and remanded in custody. District judge David Robinson sent the case to Bournemouth crown court for a plea and trial preparation hearing on July 16. The offence carries a maximum sentence of 10 years.

Uttarakhand home secretary Shailesh Bagauli told Media that the state govt had written to Centre seeking assistance. "We wrote to MEA two days ago to seek their assistance for Pant's release and return. Our regional commissioner based in Delhi is coordinating with central authorities in the matter," he said. The Indian high commission in UK has been granted consular access to Pant. Twenty-four crew members from Georgia and India remain on board the vessel, anchored off Weymouth in Dorset and being monitored for environmental and safety concerns.

Pant's wife Ritu said she learnt of her husband's arrest through British media reports on social media, with no official communication from either UK or Indian authorities. She said his maritime career of over 15 years had been "spotless" and that he was "just following orders from his corporation to captain the ship, and is not at fault". According to Lloyd's List, Smyrtos loaded 1,01,400 tonnes of Urals crude at Russia's Ust-Luga terminal on June 4 and was headed to Sikka port in Gujarat. The tanker had flown the Cameroonian flag since December, but Cameroon removed it and 35 other shadow-fleet vessels from its registry earlier this month, leaving it stateless.

# Hum do, hamare 1.9: What India's falling fertility rates reveal

**NEW DELHI, Agency**: Back in 2023, India made headlines for becoming the world's most populous country. For decades, the challenge was a booming population, prompting family-planning campaigns, the slogan "Hum Do, Hamare Do", and concerns over feeding, educating and employing millions more people.

Today, however, the conversation is changing, quite dramatically.

For decades, the country was worried about having too many people. Now, it is facing a very different demographic reality: having fewer children than needed to replace the previous generation.

According to the latest Sample Registration System (SRS) Statistical Report 2024, India's Total Fertility Rate (TFR) has fallen to 1.9 children per woman, slipping below the replacement level of 2.1. In simple terms, Indian women are now having fewer children than are needed to maintain the population size over the long run, assuming migration remains unchanged.

The decline has been swift. India's fertility rate stood at 5.2 children per woman in 1971. It fell to 4.3 in 1985, dropped further to 2.9 in 2005, touched 2.0 in 2020 and has now reached 1.9 in 2024. Projections suggest the number could slide even further, to around 1.6 by 2031.

On paper, these may seem like dry demographic statistics. In reality, they tell the story of a society in transition.

Behind every decimal point are millions of women staying in school longer, enrolling in colleges, building careers, opening bank accounts, marrying later and taking greater control of decisions that were once largely dictated by tradition. The familiar script of "marriage first, baby next" is being rewritten. The fertility saga is no longer just about population but becoming a story about choice. Sejal Chaturvedi, a 34-year-old banking professional married for two years, said she and her husband are fond of children but are not ready for parenthood right now.

# Shashi Tharoor's praise for PM Modi sparks political slugfest

**NEW DELHI, Agency:** Congress MP Shashi Tharoor's statement that Prime Minister Narendra Modi had conveyed India's concerns to US President Donald Trump regarding the safety of civilian sailors has earned him the ire of his party. "Admiration for PM Modi appears to have transcended the limitations of the physical world" and he now "seems capable of hearing what Modi doesn't even say", Congress spokesperson Pawan Khera said in response to queries regarding Tharoor's remarks which were at odds with leader of opposition Rahul Gandhi's allegation that PM had not taken up with Trump the issue of deaths of three Indian seafarers who were killed by the US navy after their Palau-flagged ship breached the US-imposed naval blockade. Tharoor responded on X that he found it extraordinary that a statement about protecting Indian civilian sailors was "being twisted into a partisan political controversy". Tharoor's statement saying that the PM had raised the issue of Indian seafarers with the US President, led BJP to take a dig at Rahul Gandhi. "Dr Shashi Tharoor contradicted Rahul Gandhi's stand on the same issue..." party spokesperson Shehzad Poonawalla said.

# Maximum in a day: Three Indian-flagged ships safely cross Strait of Hormuz



**NEW DELHI, Agency:** Three Indian-flagged tankers - Desh Vaibhav, Desh Vibhor and Sanmar Herald - carrying 8.6 lakh tonne of crude oil, crossed Strait of Hormuz safely Saturday. This was the highest number of Indian ships to tr-ansit the strategic waterway in a single day since the war in West Asia broke out Feb 28.

With this, 18 India-bound ships - 13 Indian and five foreign-flagged - vessels have crossed the route. Shipping minister Sarbananda Sonowal said the three ships have 94 Indian crew members and "govt is working on highest priority to secure India's maritime interests and to guarantee safety of seafarers and energy lifelines".

Sanmar Herald was attacked by Iran's Islamic Revolutionary Guard Corps on April 18 during its previous attempt to transit the strait after reportedly getting the go ahead. Now it's scheduled to reach Paradip port on July 1, a shipping ministry official said.

The ships have sailed through the Strait after the United States officially ended blockade of Iranian ports and Tehran eased restrictions on movements of vessels following the peace deal.

Ship tracking portal Marinetraffic shows another two India-bound ships - container carrier SSL Kaveri and crude carrier Desh Suraksha - were waiting around the strait. A total of 31 India-bound ships are still stuck in Persian Gulf, including 16 loaded with fertiliser.

Officials said that Desh Vaibhav is scheduled to reach Vadinar in Gujarat on June 24. Desh Vibhor's next port of call is Sikka in Gujarat, where it estimated to arrive on June 24. "We are hopeful of India-bound ships safely transiting the strait. That will bring huge relief to hundreds of our seafarers who have been stuck for over three months," said an official.